हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 304, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 28 अप्रैल, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

हम न किसी के साथ भेदभाव करते हैं और न अराजकता होने देते : योगी

पहले लोग वसूली करते थे और तमंचे लेकर घूमते थे, आज युवा टेबलेट लेकर घूमते हैं

मथुरा। निकाय चुनाव में पहली जनसभा करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम न किसी के साथ भेदभाव करते हैं और न अराजकता होने देते। पहले लोग वसूली करते थे और तमंचे लेकर घूमते थे। आज युवा टेबलेट लेकर घूमते हैं। कान्हा की नगरी में सेठ वीएन पोद्दार इंटर कालेज में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा कराए गए कार्यों से अपने संबोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले कोसीकलां में दंगा होता था। पेप्सिको का प्लांट कोसीकलां में बसा था। 2017 के पहले मथुरा में मांस-मदिरा बिकती थी। हमने तय किया कि तीर्थस्थल दूध की नदियों के लिए जाने जाते थे। हमने तीर्थस्थल घोषित किए और मांस मंदिर पर पाबंदी लगाई। आज बड़ी कार्ययोजना के साथ काम हो रहा है। अब चौरासी कोसी परिक्रमा केवल अयोध्या धाम में ही नहीं होगी। ब्रजधाम में भी होगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने काम किया. तीसरी इंजन के रूप में आपने 2017 में महापौर को चुना। एक बार फिर आपको महापौर चुनना है।

द्वापर युग जीवंत होगा-सीएम योगी- मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रज क्षेत्र में 32 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं चल रही हैं, जिस दिन ये परियोजनाएं पूरी होंगी। द्वापरयुग जीवंत होगा। वैष्णव कुंभ के दौरान दिव्यता थी। नवनिर्माण की दिशा में कार्य हो रहा है। जैसे काशी में काशी विश्वनाथ धाम बना। सभी लोग सहमत हों तो बांकेबिहारी का धाम भी बनेगा। गोकुल में रसखान समाधि का विकास हुआ। बरसाना में रोपवे बन रहा है। गोवर्धन को फिर से पुरातन स्वरूप के साथ लेकर जाना है।आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के माध्यम से बढ़ावा मिल रहा. नए उद्यम भी लगाए जा रहे हैं। भारी मात्रा में निवेश ब्रज क्षेत्र में हो रहे। यहां युवाओं को नौकरी मिलेगी। पहले कूड़े के ढेर होते थे, आज हम मथुरा-वृंदावन को स्मार्ट सिटी बना रहे हैं।

गुंडा माफिया की क्या स्थित है सब जान रहे हैं- मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों को उजाड़ा जाता था। गुंडा कब्जा करता था। आज गुंडा माफिया की क्या स्थिति है, सब जान रहे हैं। गरीब के मकान को पैसा देकर अच्छा बनाया जा रहा है। भेदभाव के साथ किसी के साथ नहीं कर रहे। किसी व्यापारी किसी गरीब का शोषण नहीं होने दिया। अराजकता किसी को नहीं करने देते थे। पहले लोग तमंचा लेकर घूमते थे। वसूली करते थे। आज युवाओं को टैबलेट दिए जा रहे हैं। प्रदेश में दो करोड़ युवाओं को टैबलेट की सुविधा दी गई।

सपा की प्रत्याशी अनुराधा चौहान का वीडियो वायरल, बोलीं- मैं भी ठाकुर, योगी जी भी ठाकुर, उनका...

रामपुर। स्वार विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा की प्रत्याशी अनुराधा चौहान का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो कहती हुई नजर आ रही हैं कि मैं भी ठाकुर हूं, योगी जी भी ठाकुर हैं वह मेरे बड़े भाई हैं, उनका मन जरूर मुझे आशीर्वाद देने के लिए करेगा। अनुराधा चौहान ने इस बात को स्वीकार किया है उन्होंने ऐसा बयान दिया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री तो सबके हैं। सपा नेता अब्दुल्ला आजम की विधायकी रद्द होने के बाद स्वार सीट पर उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव के लिए मतदान 10 मई को और मतगणना 13 मई को होगी। उपचुनाव के लिए सपा ने अनुराधा चौहान को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा गठबंधन की ओर से अपना दल (एस) के प्रत्याशी शफीक अंसारी और पीस पार्टी की प्रत्याशी डॉ. नाजिया सिद्दीकी सहित कुछ छह उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा गठबंधन की कोशिश आजम खां के इस मजबूत किले को फतह करने की है। वहीं सपा ने हिन्दू प्रत्याशी को उतारकर मुकाबले को रोमांचक कर दिया है। सभी प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार शुरू किया है। चुनाव प्रचार के दौरान सपा की प्रत्याशी अनुराधा चौहान ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लेकर बयान दिया है। उनके इस बयान से सियासी हलके में चर्चा शुरू हो गई है।

कांग्रेस के 'वादों' पर पीएम मोदी का जवाब कहा- 'रेवड़ी कल्चर' को करना होगा खत्म

नई दिल्ली। कुछ राजनीतिक दलों ने राजनीति को सिर्फ सत्ता और भ्रष्टाचार का साधन बना दिया है। इन दलों को देश के भविष्य, आने वाले पीढ़ियों और कनार्टक के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। ये कहते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए कर्नाटक में बीजेपी के कार्यकताओं को संबोधित किया है। इस दौरान उन्होंने चुनावी मंत्र देते हुए कहा, "बूथ जीतेंगे तभी चुनाव जीतेंगे।" पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में कुछ राजनीतिक दलों ने 'राजनीति' को सिर्फ सत्ता और भ्रष्टाचार का साधन बना दिया है। सत्ता को हासिल करने के लिए वे 'साम दाम दण्ड भेद' हर तरीके का इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही इन पार्टियों को देश के भविष्य की, आने वाले पीढ़ियों की, कनार्टक के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति की वजह से कई राज्य बेतहाशा खर्च अपनी दलगत भलाई के लिए कर रहे हैं। राज्य डूबते चले जा रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों का भी ये खा जा रहे हैं। देश ऐसे नहीं चलता, सरकार ऐसे नहीं चलती। पीएम मोदी ने इस दौरान कोरोना काल में लोगों तक हर संभव मदद पहुंचायी गई, इसे लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, "कोरोना के समय हमें जरूरत लगी तो हमने मुफ्त वैक्सीन दिया देश को... क्योंकि जान बचानी थी। कोई भी देश में भूखा नहीं रहना चाहिए। अगर देश को बढ़ाना है तो रेवड़ी कल्चर को खत्म करना होगा।

प्रधानमंत्री ने बताया कि बीजेपी आने वाले 25 सालों में भारत के विकास को लेकर रोड मैप पर काम कर रही है जबकि विरोधियों का एजेंडा सत्ता हथियाना है और हमारा एजेंडा देश को 25 सालों में विकसित करना है साथ ही गरीबी से भी मुक्त करना है। प्रधानमंत्री ने कर्नाटक के इतिहास को लेकर कहा कि ये राज्य भाषा, संस्कृति, साहित्य को लेकर समृद्ध है। आध्यात्मिकता में कर्नाटक का कोई मुकाबला नहीं और यहां पर आध्यात्मिकता लोगों को एक साथ लाकर सामाजिक जागरूकता की ओर जाने के लिए प्रेरित करती है। पीएम मोदी ने पिछली सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि 60 सालों में AIIMS की संख्या 1 से बढ़कर 7 हुई जबकि बीजेपी सरकार आने के बाद सिर्फ 9 सालों में हमने देश में AIIMS की संख्या को तीन गुना बढ़ा दिया। ये ताकत है डबल इंजन सरकार की। अब देश में 20 AIIMS हैं और 3 AIIMS पर काम चल रहा है। बता दें, कर्नाटक में 224 विधानसभा सीटों के लिए 10 मई को मतदान होना है जबकि, परिणाम 13 मई को घोषित किए जाएंगे।

चंदौली : तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत, भांजे की हालत गंभीर

चंदौली। पड़ाव-पीडीडीयू नगर मार्ग पर डांडी के पास गुरुवार दोपहर बाइक को टक्कर मारी दी। घटना में बाइक पर बैठी महिला सड़क पर गिर गई। ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गया। मौके पर ही महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक भी घायल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बलुआ थाना क्षेत्र के कैथी गांव निवासी शंभू मौर्य की पत्नी विमला (60) अपने मायके जाने के लिए निकली थीं। उन्हें पड़ाव पड़ाव बस स्टैंड तक छोड़ने के लिए भांजे राजेश कुमार मार्य बाइक से आ रहा था। पड़ाव-पीडीडीयू नगर मार्ग पर डांडी के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे विमला सड़क पर गिर पड़ी। इसके बाद भी चालक ने ब्रेक नहीं लगाया। महिला को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहे राजेश भी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित करते हुए घायल को अस्पताल भिजवाया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अस्पताल पहुंचे पीड़ित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

यूपी नगर निकाय चुनाव! वाराणसी में 2 सभाएं करेंगे मुख्यमंत्री, 29 को पहली रैली शिवपुर में

मुख्यमंत्री के पहले दोनों उप मुख्यमंत्रियों की छोटी-छोटी सभाएं 28 को होंगी आयोजित

प्रखर वाराणसी। नगर निकाय चुनाव के पहले चरण की वोटिंग 4 मई को होनी है। इसके पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में ताबड़तोड़ दो रैलियां करेंगे। पहली रैली 29 अप्रैल को शिवपुर में आयोजित की जाएगी, तो वहीं दूसरी रैली के लिए पदाधिकारी मंथन कर रहे हैं कि उक्त रैली को कहां पर कराया जाए? इसके अलावा नगर निकाय चुनाव महासंग्राम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक के भी कार्यक्रम काशी में प्रस्तावित है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि 29 अप्रैल की शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शिवपुर के मिनी स्टेडियम में जनसभा आयोजित की जाएगी। वही 1 मई को दूसरी जनसभा भी प्रस्तावित है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 28 अप्रैल को नगर निकाय चुनाव को लेकर वाराणसी जिले और महानगर में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। साथ ही उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी 28 अप्रैल को मंडुआडीह व विश्वनाथ गार्डन में आयोजित महिला मोर्चा सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। साथ ही नगर निकाय चुनाव के लिए छोटी-छोटी सभाएं भी करेंगे।

यूपी निकाय चुनाव की बागडोर सीएम ने ली अपने हाथ, मथुरा में रैली को किया संबोधित!

प्रखर लखनऊ/ डेस्क। उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव अपने चरम पर है। यूपी नगर निकाय चुनाव की बागडोर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने हाथ में ले ली है। हाथ में लेने के बाद योगी आदित्यनाथ आने वाले हफ्ते में दर्जनों सभाएं कर जनता से नगर निकाय चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील करेंगे। नगर निकाय चुनाव को लेकर योगी आदित्यनाथ की सभा लगातार कहीं ना कहीं आयोजित हो रही है। इसी क्रम में वाराणसी में भी योगी आदिनाथ की सभाएं होने जा रही है। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी नगर निकाय चुनाव को हल्के में नहीं लेना चाहती। इस चुनाव को लोकसभा चुनाव 2024 का सेमीफाइनल समझ कर लड़ रही है। वही सीधे तौर पर उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में सपा भाजपा को टक्कर देती नजर आ रही है। नगर निकाय चुनाव रैली के क्रम में सीएम योगी ने मथुरा में रैली को संबोधित किया जहा पर भारी जन सैलाब उमड़ा पड़ा था। वहां पर उन्होंने कहा कि भारत बदल रहा है। भारत के बारे में दुनिया का नजरिया अब बदल चुका है। भारत दुनिया के सहयोग के लिए सामर्थ्यवान बन चुका है। इससे उत्तर प्रदेश को अलग नहीं किया जा सकता। उन्होंने बोलते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने यहां मांस- मदिरा की बिक्री कराई। इसे अब धर्म स्थल घोषित किया गया है। यहां दूध -दही की बिक्री होती है। मथुरा- यमुना को पुराने वैभव में लाना है और कहा ब्रज में विकास की 32000 करोड़ की योजनाओं पर काम हो रहा है आगे भी और योजनाओं पर बेहतर कार्य किया जाएगा। वही मथुरा वृंदावन नगर निगम सीमा के विस्तार का भी कार्य जोरों शोरों पर किया जा रहा है। आगे सीएम ने कहा कि हमारी सरकार को हर भारतीय की चिंता है। आज भारत कई देशों का सहयोग भी कर रहा है। सीएम ने अपने संबोधन में कहा भारत अब बदल चुका है, भारत तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। भारत के विकास में उत्तर प्रदेश की भूमिका भी अहम है।

जेल में ही रहेंगे मनीष सिसोदिया, शराब घोटाले के मामले में 12 मई तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े घोटाले के CBI के मामले में कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 12 मई तक बढ़ा दी है। गुरुवार को न्यायिक हिरासत खत्म होने पर सिसोदिया को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। मनीष सिसोदिया के वकील ने राउज एवन्यू कोर्ट को बताया कि सीबीआई मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके बाद कोर्ट ने सीबीआई को चार्जशीट की ई कॉपी मनीष सिसोदिया को देने का निर्देश दिया। बता दें कि इससे पहले 25 अप्रैल को सीबीआई ने शराब घोटाले के मामले में पहली बार दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। जांच एजेंसी द्वारा दाखिल किए गए पहले पूरक आरोप पत्र में सिसोदिया के साथ ही शराब कारोबारी अमनदीप सिंह ढल, अर्जुन पांडे व हैदराबाद के सीए बुच्ची बाबू गोरंटला का भी नाम शामिल है। इसके अलावा शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट 28 अप्रैल को शाम चार बजे निर्णय सुनाएगा। निर्णय तैयार नहीं होने के कारण बुधवार को फैसला नहीं सुनाया गया। 18 अप्रैल को अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह फैसला 28 अप्रैल को चार बजे सुनाया जाएगा। मनीष सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है।

पंचतत्व में विलीन हुए प्रकाश सिंह बादल, नम आंखों से लोगों ने दी विदाई

चंडीगढ़। पंजाब राज्य के पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल का गांव बादल में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे व अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने पंचतत्व में विलीन हुए प्रकाश सिंह बादल को मुखाग्नि दी। पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार उनके किन्नुओं के बाग में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इससे पहले सुबह घर में पार्थिव देह को अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया। उनके अंतिम संस्कार के मौके भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पंजाब के सीएम भगवंत मान, गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित, जेएंडके के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, एनसीपी चीफ शरद पवार, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हरियाणा के इनेलो नेता अभय चौटाला, केंद्रीय मंत्री सोमनाथ, पूर्व सेहत मंत्री सुरजीत ज्याणी, कांग्रेसी नेता व पूर्व डिप्टी सीएम ओम प्रकाश सोनी, श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी प्रधान एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा भी शोक जताने पहुंचे। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने पंजाब के लंबी गांव में शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल को अंतिम श्रद्धांजलि दी। राजनीति के बाबा बोहड़ कहे जाने वाले प्रकाश सिंह बादल के अंतिम दर्शन के लिए ऐसे लग रहा था मानो पूरा पंजाब उमड़ पड़ा हो। हर रास्ता ऐसा लगा जैसे वह बादल

गांव की ओर ही मुड़ रहा हो। उनकी अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री भगवंत मान, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी पहुंच रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, सोमप्रकाश, गजेंद्र सिंह शेखावत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी पहुंचे हैं। बादल के गांव में हर आंख नम है। अंतिम यात्रा में शामिल होने और प्रकाश सिंह बादल को आखिरी विदाई देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा भी पहुंच गए हैं। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी और कहा किबादल साहब का व्यक्तित्व सबको प्रभावित करता था। समाज के सभी वर्गों के लिए उनका जीवन समर्पित रहा। गरीबों की चिंता करना, किसानों की चिंता करना उनके स्वभाव में था। मेरे उनसे व्यक्तिगत संबंध रहे। वह सबसे बहुत प्यार करते थे। उनका जाना एक युग की समाप्ति है। शरद पवार ने कहा कि बादल राजनीति की यूनिवर्सिटी थे। उनके निधन से राजनीति में बहुत बड़ी रिक्तिता आई है। प्रकाश सिंह बादल के घर से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हो चुकी है और उनके किन्नू वाले बाग में पहुंचेगी, जहां बादल का अंतिम संस्कार किया जाएगा। बादल निवास के बाहर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के बाद अब यात्रा शुरू हो गई है। प्रकाश सिंह बादल के पार्थिव शरीर पर तिरंगा रखा गया है। बादल परिवार को रो-रो कर बुरा हाल है। पिता के यूं चले जाने से सुखबीर सिंह बादल टूट गए हैं।

सपा विधायक इरफान व गैंगस्टर साथियों के खिलाफ जुटाए गए साक्ष्य, 65.50 करोड़ की संपत्तियां जब्त कर चुकी है एसआईटी

कानपुर। महाराजगंज जेल में निरुद्ध सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके गैंगस्टर साथियों के खिलाफ साक्ष्य संकलन की कार्रवाई पूरी हो चुकी है। मामले में विशेष जांच दल (एसआइटी) अभियोजन स्वीकृति के लिए पत्र तैयार करा रहा है। इसी सप्ताह एसआइटी इस मुकदमे में पुलिस चार्जशीट न्यायालय भेजेगी। वहीं जल्द ही नई सड़क बवाल के मामले में भी अभियोजन स्वीकृति के लिए पत्र तैयार कराया जा रहा है। जाजमऊ डिफेंस कालोनी में नजीर फातिमा के प्लाट पर कब्जा करने के लिए वहां बनी झोपड़ी में आग लगवाने का आरोप सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान व गुर्गों पर है। नजीर फातिमा की शिकायत पर पुलिस ने इरफान, रिजवान, शौकत अली, शरीफ, इजराइल आटे वाला, अज्जन, मुर्सलीन उर्फ भोलू के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की थी। इसकी जांच फीलखाना पुलिस कर रही थी। अधिकारियों के आदेश पर कार्रवाई के लिए विशेष जांच दल (एसआइटी) गठित की गई थी। एसआइटी ने इस मामले में गैंगस्टर के आरोपितों की कुल 65.50 करोड़ की संपत्तियां जब्त की हैं। एसआइटी सूत्रों के अनुसार, मुकदमे में साक्ष्य संकलन की कार्रवाई पूरी हो चुकी है।

अभियोजन स्वीकृति के लिए पत्र तैयार कराया जा रहा है। इसी सप्ताह एसआइटी न्यायालय में चार्जशीट भेजेगी। वहीं नई सड़क बवाल के मामले में उपद्रवियों को फंडिंग करने के आरोपित बिल्डर हाजी वसी और बाबा बिरयानी रेस्टोरेंट के मालिक मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा समेत चार आरोपितों पर गैंगस्टर लगा था। इस मुकदमे की समय अवधि पूरी हो रही है। अभियोजन पत्र तैयार कराया जा रहा है।

संपादकीय

सुविधा के खतरे

लेकिन सुविधा साबित हो रहा कोई सामान अगर हमारी सेहत के लिए बहुस्तरीय चुनौती खड़ी कर रहा हो तो एक बार ठहर कर उसके उपयोग को लेकर सजग होने की जरूरत है। हाल ही में मोबाइल और इसके उपयोग को लेकर हुए एक अध्ययन में जिस तरह की चिंताएं जाहिर की गई हैं, वे बताती हैं कि हर वक्त साथ रहने वाला मोबाइल मामूली लापरवाहियों की वजह से लोगों की सेहत के लिए चुपके-चुपके कई तरह के जोखिम पैदा कर रहा है, कई बीमारियों को न्योता दे रहा है। अध्ययन में यह पाया गया कि जो मोबाइल हमारे हाथ में एक तरह से अभिन्न होता गया है, वह दिखने में तो साफ-सुथरा लगता है, लेकिन वास्तव में शौचालय की सीट से भी गंदा होता है। कोई काम करते या खाते समय भी फोन का उपयोग करने के साथ-साथ उसे हर तरह की सतह पर भी रख दिया जाता है, जिससे उस पर रोगाणु जमा होते हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे हाथ में आने के बाद उसका असर किन-किन शक्लों में हमारे शरीर में जाता होगा। यों मोबाइल फोन के उपयोग में अतिरेक के संदर्भ में अक्सर कई तरह की चिंता जताई जाती रही है। इसके बावजूद इसे लेकर जागरूकता का स्तर अभी पर्याप्त नहीं है और लोगों के बीच इसके जोखिम के प्रति लापरवाही आम दिखती है। जबकि जीवाणु और विषाणुओं की दुनिया कुछ ऐसी है कि पता भी नहीं चलता है और उसके संक्रमण से शरीर में कोई बड़ा नुकसान हो जाता है। मोबाइल फोन के सूक्ष्मजीवी उपनिवेशन पर किए गए कई अध्ययनों में बताया गया है कि वे कई अलग-अलग प्रकार के संभावित रोगजनक जीवाणु से दूषित हो सकते हैं। ये जीवाणु त्वचा संक्रमण, डायरिया, तपेदिक से लेकर मूत्र पथ में संक्रमण तक के वाहक बन सकते हैं। नए शोधों के ऐसे संकेत ज्यादा चिंता का कारण होने चाहिए कि फोन पर कई रोगजनक जीवाणु प्रतिरोधी होते हैं। यानी इनकी वजह से हुई बीमारी का इलाज पारंपरिक दवाओं के जरिए नहीं किया जा सकता और अगर ये त्वचा, आंत या फिर श्वास नली में संक्रमण का कारण बन जाए तो किसी की जान भी जा सकती है। जाहिर है, शहरों-महानगरों से लेकर गांवों तक में लोगों की जीवनशैली में अभिन्न हो चुका मोबाइल जितना सुविधाजनक है, उसके समांतर सेहत के लिए यह जोखिम से भी भरा हुआ है। हालांकि इसके जरिए संक्रमण के पहलू से इतर इसके विकिरण से भी कई गंभीर रोग होने की आशंका जताई जाती रही है। इसके जरिए विद्युत चुंबकीय तंरगों के नुकसान को लेकर भी सचेत किया जाता रहा है। हमेशा साथ रखने पर विकिरण की वजह से दिमाग की कोशिकाएं संकुचित हो सकती हैं, जिससे दिमाग में आक्सीजन की पर्याप्त मात्रा नहीं पहुंच पाती। फिर इसके इस्तेमाल की आदत से जुड़े मनोवैज्ञानिक नतीजे भी आज लोगों के जी का जंजाल बनते गए हैं। यह छिपा नहीं है कि अगर कोई व्यक्ति स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग करता है तो उसे बिना काम के भी बार-बार अपना मोबाइल उठा कर देखने की लत लग जाती है। इसके नतीजे में किसी काम में एकाग्रता और धीरज खो देने से लेकर चिड़चिड़ापन जैसी कई व्यवहारगत समस्याएं पैदा हो रही हैं। जाहिर है, आज अमूमन हर मामले में एक तरह से जरूरी बनते गए मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर थोड़ी सावधानी बरतना वक्त का तकाजा है, क्योंकि अगर सेहत के मोर्चे पर व्यक्ति दुरुस्त है तभी वह किसी तकनीकी संसाधन का बेहतर लाभ उठा पाएगा।

बन गए अब खास!

आए बन कर आम थे ।
बन गए अब खास ।।
आलीशान ज़िंदगी ही ।
आ रही है रास ।।
लाख कसम खाओ ।
दिखता हाव भाव ।।
राजनीति का मकसद ही ।
जमे कुछ प्रभाव ।।
क्यों करना इनकार ?
सुख रहे जब भोग ।।
राजपाट का ठीक से ।
है यही उपयोग ।।
ज्यादा हाय तौबा ।
क्यों इस पर मचाना ?
ऐशो और आराम का ।
जग है ये दीवाना ।।

–कृष्णेन्द्र राय

जिंदगी के साथ जुगलबंदी

लेकिन आजकल यही प्रोत्साहन मिलना मुश्किल हो गया है। घर चलाने के लिए पति-पत्नी काम करते हैं, सुबह से शाम और रात तक व्यस्त रहते हैं। अभिभावकों की ऐसी सांसारिक विवशता में मोबाइल फोन और टीवी बच्चों का साथी होता जा रहा है। खासतौर पर युवा मां चाहकर भी बच्चों को समय नहीं दे पाती। महिलाओं और खासतौर पर व्यावसायिक योग्यता वाली युवतियों का आत्मनिर्भर होने का ख्वाब तभी सच हो पाता है, जब वे कोई काम या नौकरी करती हैं। ऐसे में बच्चों को दिन में देखभाल करने वाले पालना केंद्रों में भेजना पड़ता है।

यों यह स्थिति समूचे और खासतौर पर मध्यवर्गीय समाजों का आम हिस्सा बनता जा रहा है। लेकिन यहां उदाहरण के तौर पर एक संदर्भ को देख सकते हैं, जिसमें एक तरह से प्रयोगधर्मिता के जरिए इस बदलती प्रवृत्ति को समझने की कोशिश की गई है। लगभग दो साल की एक छोटी बच्ची को एक पुरानी डायरी दी गई और उसके नन्हे हाथों में एक कलम थमा दिया गया। सोचा गया कि कुछ न कुछ तो सीखेगी! सामयिक बंदिशों के कारण उसकी मां को घर से ही काम करने की सुविधा मिली हुई है।

अन्यथा शायद वह बच्ची भी पालना घर या क्रेच के हवाले होती। हमारे परिवेश में प्रतिस्पर्धा की इतनी भगदड़ है कि बच्चा जितनी जल्दी विद्यार्थी हो जाए उतना बेहतर, उसके लिए भी और अभिभावकों के लिए भी। चाह कर भी हम इस दौड़ से बाहर नहीं हो सकते, इसलिए बच्ची ने डायरी में कलम से रोज कुछ मनपसंद करना शुरू कर दिया। उसकी नानी कुछ दिन के लिए उसके पास रही तो उसने उसे हिंदी और अंग्रेजी वर्ण लिखना, बोलना सिखाना शुरू कर दिया। जिंदगी का पहला स्कूल घर होता है। उसकी नैसर्गिक दिलचस्पी ने कुछ ही दिनों में अपने नन्हें हाथों से अच्छे से कलम पकड़ना सीख लिया। कई बार अपनी अंगुली से दबाकर वह बाल पेन को बंद कर देती, फिर दबाकर खोल न पाती तो इशारा करती। कुछ बुदबुदाती, फिर खुलने पर रुचि से देखती कि खुल गया है। वह मन से कुछ बनाती रही, कभी पन्ने पर, कभी डायरी के बाहर। दर्जनों पृष्ठों पर कलम प्रयोग हो जाने के बाद एक दिन गलती का एहसास हुआ। उसे बाल पेन नहीं, पेंसिल दी जानी चाहिए थी। अगली सुबह उसके हाथों में पेंसिल थमाई गई तो उसे स्वीकार करने में हिचक हुई। उसने बेमन से दो-चार पंक्तियां खींची और पेंसिल छोड़ दी। वह मेज पर कलम खोजती रही, जो वहां नहीं था। पेंसिल के पिछले हिस्से को देखती रही, जो बाल पेन की तरह दब नहीं रहा था। बच्ची की नानी ने उसे प्रेरित करने की कोशिश की तो उसने संप्रेषित किया कि उसे पेंसिल प्रयोग में ज्यादा दिलचस्पी नहीं है। अब मेहनत कर उसे पेंसिल की आदत डालनी थी। इस बीच कई बार इत्मीनान से छोटे-छोटे चित्र बनाती, उसका हाथ पकड़ कर उससे आम, सेब, गेंद, चिड़िया बनवाते, कुछ लिखवाते, उसे कुछ करने को कहते, लेकिन जो उसके मन में होता, वह वही करती। डायरी के सख्त मुखड़े यानी कवर के अंदर वाले हिस्से पर बार बार पेंसिल चलाती। उसे अभी से कुछ खास रंग पसंद आने लगे और एक ही तरह की आकृतियां बार-बार बनाना भी। यों भी इंसान अपने प्राकृतिक स्वरूप में खुद को जब अभिव्यक्त करता है तो वह उसके अंतर्मन में होने वाली उथल-पुथल ही होती है। बच्ची की खुशी, गुस्सा, जल्दी या मस्ती उसकी चित्रकारी में साफ दिखने लगे। जब उसका मन करता, पेंसिल छोड़ देती और डायरी बंद कर हाथ के इशारे से साफ कर देती कि लिखने-पढ़ने का समय खत्म हो गया, अब उसके पसंद की कविताएं टीवी पर चला दो। गुलजार का लिखा लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा उसे बेहद पसंद आता। उसका बचपन बताता रहा कि जिंदगी होश संभालते ही कुछ न कुछ सीखने के लिए तैयार रहती है। काफी पसंद और नापसंद विरासत में मिलती है। नया वही सीखती है जो दूसरी जिंदगी उसे सिखाती है। यह सीमित सुविधा भी कितने बच्चों के पास उपलब्ध रह गई है। तेजी से बदलते समाज और चलन में अब हर घर में दादा-दादी या नाना-नानी उपलब्ध नहीं हो पाते। जहां होते हैं, वहां छोटे बच्चों की मौज हो जाती है। उनकी उम्र में कितना अंतर होता है, लेकिन बुजुर्गों के मित्रवत और समझदारी भरे व्यवहार के कारण बच्चों के साथ उनकी पक्की दोस्ती हो जाती है। उनके साथ खेलते, खाते, सीखते बचपन सहजता से बीतता है। बच्चे पढ़ना-लिखना शौक से बेहतर करते हैं। खाने और खेलने के सामान की नई सूची बनाते रहते हैं। बच्चों को मोबाइल फोन या टीवी की जरा भी जरूरत महसूस नहीं होती, क्योंकि उनसे बातें करने, उनकी छोटी-छोटी दिलचस्प जरूरतें समझने, पूरी करने के लिए उनके दोस्त होते हैं। उन्हें वे अपने जैसा ही मानते हैं। उनके साथ खेलते और सोते हैं। उन पर पूरा अधिकार जमाते हैं। बुजुर्गियत, बचपन और जिंदगी की जुगलबंदी कमाल करती है।

हंसते हंसते रोना सीखो

करीब डेढ़ दशक पहले नामी ब्रांड की माचिसों की डिब्बियों पर लतीफे छापने का सिलसिला शुरू हुआ था, ताकि लोग तीली जलाते-जलाते ठहाके मार कर हंसने से न चूकें। किताब ह्यपावर आफ ह्यूमर एट वर्क प्लेसह्न में लिखा है- ह्यकाम के साथ-साथ लतीफे सुनना-सुनाना जोशखरोश और कार्य कुशलता बढ़ाने में मददगार रहता है। यानी खुशमिजाजी से जिंदगी सेहतमंद रहती है और लंबी होती है।ह्न अब तक के तमाम शोध बताते हैं कि धीर-गंभीर रहने के बजाय हंसी-मजाक करने वालों को दिल की बीमारी का खतरा आधा रह जाता है। साथ-साथ तनाव के हार्मोन कम होते जाते हैं। अरसे से अमूल, फेविकोल वगैरह नामी उत्पाद अपने विज्ञापनों में हंसी और हास्य की फुहार बिखेरते रहे हैं। उधर सालों-साल की लंबी रोक के बाद करीब ढाई दशक पहले से ईरान की पत्र-पत्रिकाओं, रेडियो और टीवी पर लतीफे चल रहे हैं। पहले ईरान में हंसने-हंसाने पर सख्त रोक थी। कहा गया था कि लतीफों के प्रकाशन-प्रसारण से शहीदों की आत्मा को कष्ट पहुंचता है। खैर, देर आयद, दुरुस्त आयद। हम हंसने-हंसाने से न केवल तरोताजा और स्वस्थ बने रहते हैं, बल्कि काम-धंधे खूब ध्यान देकर करने लगते हैं।

लोगों को सलाह दी जाती है कि हर इंसान बाल-सुलभ सरलता बनाए रखे। अनुसंधानों से जाहिर होता है कि इससे शरीर की प्रतिरोधक प्रणाली मजबूत होती है। साथ ही, सिर के दर्द से मुक्ति दिलाने वाले तत्त्व बनते हैं। आज कई सुविकसित देशों में तो हंसी बेची जाने लगी है। एक अमेरिकी कंपनी ह्यप्ले फेयरह्न होटलों, क्लबों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हंसी का खजाना बेचती है। लोगों को चुटकुले और मजेदार किस्से-कहानियां सुनाए जाते हैं। हंसना स्वाभाविक क्रिया है, लेकिन रोजमर्रा की दौड़-धूप ने हंसने-हंसाने को अच्छा- खासा कारोबार बना दिया है। हंसी- मजाक के डाक्टरों ने वैज्ञानिक आधार पर तय किया है कि एक नौकरी पेशा व्यक्ति को दिन में कम से कम कितनी बार जरूर हंसना चाहिए! हंसी के मरीजों को डाक्टर बाकायदा हंसने के तौर-तरीके सिखाते हैं। स्वीडन समेत कई देशों के डाक्टरों ने मरीजों को पीड़ा से मुक्ति दिलाने के लिए ह्यहास्य चिकित्सा प्रणालीह्न तक ईजाद की है। स्वीडन के एक अस्पताल ने छह रोगियों का हास्य चिकित्सा से सफलतापूर्वक इलाज करके चकित कर दिया था। इन मरीजों को तनाव और मांसपेशियों और हड्डियों में दर्द की शिकायतें थीं। मन की उल्लासपूर्ण अवस्था में सभी रोगियों को दर्द से आराम मिला। जिस रोगी का मन अधिक प्रफुल्लित हुआ, उसे ज्यादा राहत महसूस हुई। अजीब विडंबना है कि एक ओर डाक्टर हंसी से सेहतमंद होने की बात कबूल करते हैं, तो दूसरी ओर वही डाक्टर रोने-धोने से स्वास्थ्य को होने वाले फायदों को भी नजरअंदाज नहीं करते। रोना और जार-जार रोना किसी जमाने में बेशक बुरा समझा जाता रहा हो, लेकिन रूस के प्रायोगिक हृदय रोग विज्ञान केंद्र के शरीर क्रिया वैज्ञानिकों के तमाम शोधों से साबित हुआ है कि आंसुओं से शारीरिक बीमारियों का इलाज सरलतापूर्वक किया जा सकता है।

रोने से तनाव मुक्ति के अलावा अश्रु ग्रंथियां खून में एक खास किस्म के पदार्थ का स्राव करती हैं। इससे टूटी हड्डियां जुड़ने और घाव जल्द भरने में खासी मदद मिलती है। अमेरिकी मनोचिकित्सकों ने सौ लोगों पर एक सर्वेक्षण किया, जो मानसिक तनाव से उत्पन्न रोगों से पीड़ित थे। अधिकतर रोगियों का मानना था कि वे अत्यधिक मानसिक तनाव की स्थिति में भी नहीं रोते, हर दम हंसते रहते हैं। तनाव संबंधी संस्थानों का कहना है कि रोने से सर्दी-जुकाम तक को टाला जा सकता है। दरअसल, तनाव की स्थिति में नाक के भीतर झिल्ली में सूजन आ जाती है। इसी कारण एलर्जी के हमले को झेलने की नाक की शक्ति कम हो जाती है। नतीजतन, सर्दी-जुकाम को जकड़ लेता है। आंसुओं पर अनेक अनुसंधान किए गए हैं। आंसुओं की रासायनिक जांच से यह तथ्य उभर कर सामने आया कि प्याज छीलने से बहने वाले आंसुओं की अपेक्षा खुशी या गम में बहने वाले भावनात्मक आंसुओं में प्रोटीन का अंश अधिक होता है। भावनात्मक आंसुओं में एक रसायन होता है, जो शरीर में तनाव, चिंता, क्रोध आदि की वजह से बनता है। निस्संदेह यह रसायन सेहत के लिए बहुत हानिकारक होता है। इसलिए रो-रो कर आंसुओं के रूप में इस नुकसानदेह रसायन को शरीर से निकाल कर सेहत बरकरार रखी जा सकती है। लगता है कि ओशो डाक्टरों की रोने और हंसने की दोहरी नीति को भली-भांति पहचानते थे। शायद इसीलिए पुणे स्थित आश्रम में वे अपने शिष्यों को समस्त कुंठाओं से मुक्ति दिलाने की पद्धति सिखाते थे। उनकी इस रहस्यात्मक गुलाब पद्धति के तहत पहले एक सप्ताह तक रोजाना तीन घंटे लगातार अकारण हंसना होता था। फिर अगले सप्ताह तीन घंटे बिना किसी पीड़ा के रोना होता था। तय है कि सेहतमंदी के लिए रोना और हंसना दोनों ही जरूरी हैं। लेकिन हंसने या रोने में झूलते इंसान की उलझन का रास्ता सूझता नहीं। सो, सेहत की बेहतरी के लिए खिलखिला कर हंसना चाहिए और रो-रो कर ढेर भी होते रहना चाहिए।

वैवाहिक संबंध तय होना,गंभीर चुनौती

वर्तमान में युवक-युवतियों के वैवाहिक संबंध तय करने समाज इतना भ्रमित हो गया है कि रिश्ते तय नहीं हो पा रहे हैं। आज समाज की 27 से 35 वर्ष तक की लड़कियाँ अविवाहित बैठी हैं। इन लड़कियों एवं उनके अभिभावकों के सपने स्वयं की हैसियत से कहीं अधिक है। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिनके कारण समाज की छवि खराब हो रही है। भारतीय संस्कृति में मनुष्य के जीवन में सोलह संस्कार आते है। जिनमें एक पाणिग्रहण संस्कार माना गया है। पाणिग्रहण संस्कार के बाद सबसे बड़ा मानवीय सुख वैवाहिक जीवन होता है।

वर्तमान भौतिक युग में यह मानकर चल रहे हैं पैसा आवश्यक है। मगर हमारा सोच यह होना चाहिए कि पैसा निश्चित सीमा तक आवश्यक है। पैसा मिलने की आकांक्षा में अच्छे एवं योग्य रिश्ते ठुकराना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। पहली प्राथमिकता सुखी संसार व अच्छा घर परिवार होना चाहिए। ज्यादा धन या दहेज के चक्कर में योग्य रिश्तों को नजर अंदाज करना उचित नहीं है। सम्पत्ति खरीदी जा सकती है, लेकिन गुण नहीं। मेरा व्यक्तिगत मत है। घर-परिवार और लड़का-लड़की अच्छे देखें,लेकिन ज्यादा धन के चक्कर में अच्छे रिश्ते हाथ से न जाने दें। युवक-युवती के सुखी वैवाहिक जीवन के लिये आवश्यक है हम उनका विवाह 25 वर्ष तक की उम्र में कर दें। 30 वर्ष की उम्र या उससे ज्यादा उम्र में हम विवाह करते हैं तो वह विवाह न होकर मात्र समझौता ही होता है। हम चिकित्सीय पक्ष देखें तो जिनका विवाह ज्यादा उम्र में होता है उसमें स्वास्थ्य संबंधी वहुत सी

समस्याएं पैदा होती है। आजकल समाज में लोग बेटी के रिश्ते के लिए ऐसा लड़का देखते हैं जो सोने की तरह सौ टंच हो। अच्छा रिश्ता देखने में चार या पाँच वर्ष निकल जाते हैं। उच्च शिक्षा या जाव के नाम पर ही समय व्यतीत कर देते हैं। लड़के देखने का अंदाज भी समय व्यतीत करने का अनोखा उदाहरण हो गया है। खुद का मकान है या नहीं? अगर है तो फर्नीचर कैसा है? घर में कमरे कितने है? गाड़ी है या नहीं? है तो कौंनसी है? ब्रान्डेड है या सेकण्ड हैण्ड? रहन-सहन,खान-पान कैसा है? कितने भाई-बहन है? बटवारे में माँ -बाप किनके हिस्से में आये हैं। बहन कितनी हैं उनकी शादी हुई या नहीं? माता-पिता का स्वभाव कैसा है? घर बाले, नाते-रिश्तेदार आधुनिक विचारों के हैं या नहीं? बच्चे का कद कितना है? रंग-रूप कैसा है? शिक्षा, कमाई, बैंक बैलेंस कितना है? लड़का-लड़की सोशल मीडिया पर सक्रिय है या नहीं? उसके कितने दोस्त है? इतनी सारी जानकारी लेने के बाद भी कुछ और प्रश्न पूछने में और सोशल मीडिया पर वातार्लाप करने में वहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है। लगभग सभी समाजों में यह हालात हैं कि माँ-बाप की नींद ही जब खुलती है तब लड़के या लड़की की उम्र 30 वर्ष हो जाती है। फिर अभिभावक उचित रिश्ता तलाश करने के नाम पर इनकी जबानी बर्वाद कर देते हैं। इस कारण से अच्छे रिश्ते हाथ से निकल जाते हैं, और माँ-बाप अपने ही बच्चों के सपने चूर-चूर कर देते हैं।

मेरे अभिन्न मित्र को एक अविवाहित युवक का वैवाहिक वायोडाटा मिला, उस अविवाहित युवक की उम्र 36 वर्ष थी। मित्र ने युवक का वायोडाटा एवं उम्र 36 वर्ष देखकर फोन से अभिभावक से यह जानना चाहा कि आपके बेटे की पहली शादी कब हुई थी। उनका कथन सुनकर अभिभावक ने फोन ही काट दिया। युवक युवती के माता पिता जिनके बच्चों की उम्र 30 या 32 वर्ष हो जाती है उनके माता रिश्ते बालों से कह देते हैं अभी हमने विवाह करने का मन ही नहीं बनाया है।एक समय था जब मात्र खानदान देखकर रिश्ते तय किये जाते थे। वे रिश्ते लम्बे समय तक सौहार्द पूर्ण वातावरण में निभते थे। तलाक, विवाह विच्छेद के प्रकरण उदाहरण नाम मात्र के ही सुनने मिलते थे। समधी-समधिन से रिश्ते आत्मीयता से परिपूर्ण रहते थे। सुख-दुख में एक दूसरे के साथ खड़े रहते थे। रिश्ते नातों की अहमियत का एक अहसास था। पुराने जमाने में चाहे धन कम था मगर खुशियाँ घर-आँगन में झलकती थी। कहीं कोई ऊंची-नीची बात हो जाती थी तो आपस में बड़े-बुजुर्ग संभाल लेते थे। तलाक शब्द रिश्तों में था ही नहीं, दाम्पत्य जीवन खट्टे-मीठे अनुभव में बीत जाया करता था और दोनों एक-दूसरे के बुढ़ापे की लाठी बनते थे । और पोते- पोतियों में संस्कारों के बीज रोपते थे। अब कहाँ हैं वह संस्कार ? आज तो संस्कार शब्द का मजाक उड़ाया जा रहा है। आँख की शर्म तो इतिहास हो गई है। अन्तजार्तीय विवाह का प्रचलन चल पड़ा है।आज समाज में लड़कियाँ और लड़के खुले आम दूसरी जाति की ओर जा रहे हैं। मन पसंद विवाह करने जाति का बंधन समाप्त कर रहे हैं। अन्तजार्तीय विवाह करने से पूर्व यह आरोप लगा रहे हैं कि जाति का लड़का या लड़की मेरे योग्य नहीं है। जब ये लड़के-लड़कियाँ मन पसंद विवाह या प्रेम विवाह करते हैं तब कुण्डली मिलान का क्या होता है? तब तो कुण्डली मिलान की कोई बात ही नहीं होती। माता-पिता उस समय सब कुछ स्वीकार कर लेते हैं। तब कुण्डली, स्टेटस, आमदनी, पैसा बीच में कुछ भी नहीं आता। अगर अभी भी माँ-बाप नहीं जागेंगे तो स्थिति और विस्फोटक हो जायेगी। माता-पिता और समाज को समझना होगा। लड़कियों का विवाह अधिकतम 25 वर्ष की उम्र में हो जाये इसीप्रकार लड़के का विवाह अधिकतम 26 या 27 वर्ष की उम्र में हो जाये। सब में सभी गुण एक साथ नहीं मिलते। युवक-युवती के माता-पिता भी आर्थिक चकाचौंध में वह रहे हैं। पैसे की भागमभाग में मीलों पीछे छूट गये हैं नाते-रिस्तेदार। टूट रहे हैं घर परिवार सूख रहा है प्रेम और प्यार। परिवारों का इस पीढ़ी ने ऐसा तमाशा किया है कि आने वाली पीढियाँ सिर्फ किताबों में पढ़ेंगी.... संस्कार। समाज को अब जागने की जरूरत है, अन्यथा रिश्ते ढूढ़ते रह जाओगे।

चोलापुर ब्लाक में चला नवीन नामांकन का महाअभियान

ईट भट्ठों में काम करने वाले मजदूरों के बच्चों पर केंद्रित रहा अभियान, शिक्षकों ने मजदूरों के बच्चों को विद्यालय भेजने हेतु किया प्रेरित

प्रखर वाराणसी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर अरविन्द कुमार पाठक के निर्देशन में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत हर बच्चे का स्कूलो मे नामांकन सुनिश्चित करने तथा परिषदीय विद्यालयो मे अधिक से अधिक नामांकन करने की दृष्टि से चोलापुर ब्लॉक के सभी ईंट भट्ठों में काम करने वालों मजदूरों के बच्चो का नामांकन करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान मे गांव के प्रत्येक ईंट भट्ठों, बस्ती व प्रत्येक घर तक शिक्षको ने संपर्क कर बच्चो का नामांकन किया। हर बार की तरह इस बार भी ईट भट्ठे मलिन बस्ती आदि के श्रमिक वर्ग के बच्चो के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया गया। नामांकन महा अभियान खंड शिक्षा अधिकारी चोलापुर ब्रजेश कुमार राय के नेतृत्व में चलाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के साथ संकुल शिक्षक ज्योति प्रकाश ने अभियान के दौरान तमाम ईंट भट्ठों पर जाकर ईट भट्ठो में काम करने वाले मजदूरो से मिलकर उनके बच्चो के नामांकन कराकर विद्यालय भेजने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी चोलापुर ब्रजेश कुमार राय ने भट्ठों मे काम करने वाले मजदूरों के समूह को बेसिक शिक्षा विभाग मे आये परिवर्तन तथा विगत दिनो मे प्राप्त उपलब्धियो के विषय मे बताया तथा अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए प्रेरित करते हुआ कहा कि परिषदीय विद्यालय निजी विद्यालयो से किसी मामले मे पीछे नही है यहां हर सुविधाये उपलब्ध है। संकुल शिक्षक ज्योति प्रकाश ने अभिभावकों को सरकारी विद्यालयो मे आये बदलाव तथा उच्च स्तरीय व्यवस्थाओ के विषय मे विस्तार से बताया। इस दौरान अभिभावको व बच्चों में सरकारी स्कूलों में नामांकन कराने के प्रति उत्साह देखा गया। इस अभियान मे कई बच्चो का नामांकन विद्यालय मे किया गया। नामांकन अभियान में खंड शिक्षा अधिकारी ब्लाक चोलापुर ब्रजेश कुमार राय, संकुल शिक्षक ज्योति प्रकाश, बृभूषण सिंह, अनिल सिंह, पंकज सिंह, अखिलेश यादव आदि लोगों ने चोलापुर ब्लॉक के कई ईट भट्ठों में भ्रमण कर नामांकन अभियान मे सहयोग दिया।

पर्यावरण संरक्षण के लिए 202 दिनों की राह तय कर पहुंची साइकिल यात्रा

बलिया। ग्रीन इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण जन जागरण अभियान के नाम से जनमानस में पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए इटावा के रहने वाले रॉबिन सिंह की ओर से देश के प्रत्येक जिले से होते हुए साइकिल यात्रा की जा रही है। यह साइकिल यात्रा 6 अक्टूबर 2022 को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से प्रारंभ हुई थी। केरल, कर्नाटका, आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, असम, पश्चिम बंगाल, झारखंड, त्रिपुरा, मेघालय, बिहार से होते हुए 14408 किलोमीटर की यात्रा कर 202 दिनों बाद सोमवार रात्रि बलिया पहुंची। रात्रि विश्राम के बाद सोमवार को सुबह साढ़े पांच बजे टाउन हॉल पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला संघचालक डॉ. विनोद सिंह, सह नगर संघचालक परमेश्वरनश्री ने रॉबिन सिंह का स्वागत किया। जिला कार्यवाह हरनाम सिंह, जिला संयोजक कुटुंब प्रबोधन रामकुमार तिवारी, जिला प्रचार प्रमुख मारुति नन्दन, नगर प्रचारक विशाल, अक्षय ठाकुर, प्रभात, विनय सिंह ने रॉबिन सिंह को उद्देश्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। रॉबिन सिंह भृगुजी के मंदिर पहुंचे।

शाखा कार्यवाह राजेश महाजन के नेतृत्व में संघ के कार्यकताओं व अन्य लोगों ने यात्रा का फूल माला से स्वागत किया। यहां से रसड़ा होते हुए मऊ के लिए साइकिल यात्रा को विदा किया गया।साइकिल यात्रा का अब उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड, हिमांचल, जम्मू होते हुए अन्य सभी राज्यों के बचे हुए जिलों में 700 दिनों के भीतर पहुंचने का लक्ष्य है। मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में इस यात्रा का विराम होगा। रॉबिन सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण जन-जागरण अभियान इस यात्रा का नाम है ।ग्रीन इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत यह यात्रा की जा रही है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना, विशेषकर युवाओं को इस ओर ध्यान लाना है। किसी भी देश के युवा किसी भी स्थिति परिस्थिति को बदलने के लिए सक्षम होते हैं।

अध्यक्ष पद के 20 नामांकन वैध व सदस्य पद के 118 नामांकन वैध

सिकन्दरपुर (बलिया)। नगर निकाय चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद कुल अध्यक्ष पद के 20 नामांकन पत्र वैध पाए गए, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार पार्वती देवी का पर्चा कागजी कोरम पूरा न होने के कारण निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया। वहीं अध्यक्ष पद हेतु वैध नामांकनों में फैयाज अंसारी सुभासपा, दिनेश यादव सपा, निजामुद्दीन बसपा, रीना देवी आम आदमी पार्टी, लाची देवी कांग्रेस, सावित्री देवी भाजपा, अनिता देवी, कमलावती देवी, गनेश सोनी, पुनम देवी , प्रयाग चौहान, बदरू निशा, भीष्म यादव, रामचन्द्र, विभाश्री, विमलावती देवी, शगुफ्ता परवीन, सत्यराम, सुरेश, हेमवंती देवी का निर्दल के रूप में नामांकन पर्चा वैध पाया गया। सभासद पद हेतु कुल 118 नामांकन पत्र वैध पाए गए, जिसमे वार्ड 1 से 06 नामांकन, 2 से 10 नामांकन, 3 से 4 नामांकन, 4 से 14 नामांकन, 5 से 8 नामांकन, 6 से 12 नामांकन, 7 से 11 नामांकन, 8 से 9 नामांकन, 9 से 3 नामांकन, 10 से 4 नामांकन, 11 से 9 नामांकन, 12 से 11 नामांकन, 13 से 4 नामांकन, 14 से 7 नामांकन, वार्ड नंबर 15 से 6 नामांकन पत्र वैध पाए गए। निर्वाचन अधिकारी उप जिला अधिकारी सिकन्दरपुर अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि 27 अप्रैल को नामांकन पत्र की वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन होगा।

डीएम-एसपी ने जिला जेल का किया औचक निरीक्षण

बलिया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर बुधवार की शाम को अचानक जिला जेल पहुंच गए। भारी संख्या में पुलिस के जवानों के साथ पहुंचे अधिकारी द्वय ने एक साथ सभी बैरकों की जांच की। कैदियों से बातचीत कर आश्वस्त हुए कि उनकी कोई समस्या तो नहीं। जेल की व्यवस्था को लेकर तथा जरूरी जानकारी नहीं होने पर जिलाधिकारी ने जेलर राजेंद्र सिंह को कड़ी फटकार भी लगाई। उन्होंने कहा कि जेल में सफाई व्यवस्था बेहतर रखी जाए। जो भी आवश्यक रजिस्टर हैं, उनको हमेशा अपडेट रखा जाए और जेलर हर जानकारी से अपडेट रहें। निरीक्षण के दौरान साथ में गए इंस्पेक्टर और पुलिस के जवानों को अलग-अलग टुकड़ी बनाकर सभी बैरकों में एक साथ भेजी गई। हालांकि, चेकिंग के बाद कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। जिलाधिकारी ने कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा। जेल के अस्पताल में जिलाधिकारी पहुंचे तो वहां कोई मेडिकल स्टाफ नहीं था। इस पर उन्होंने सवाल किया कि किसी न किसी मेडिकल स्टाफ को तैयार रहना चाहिए। स्टाफ की ड्यूटी लगी थी, उनके बारे में पूरी जानकारी तलब की। जेल में जाम नालियों की सफाई को लेकर भी उन्होंने कड़े निर्देश दिए।

सीसीटीवी कैमरे बढ़ाने के निर्देश- जिलाधिकारी ने जेल की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के बारे में जानकारी ली। आवश्यकता के हिसाब से कम कैमरे लगे होने पर उन्होंने निर्देश दिया कि कैमरा बढाने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

विशेष संवाद : समलैंगिकता का सर्वोच्च न्यायालय में इतना महत्त्व क्यों?

एक सुनियोजित षड्यंत्र द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का प्रयत्न ! - अधिवक्ता सुभाष झा, सर्वोच्च न्यायालय

भा.दं.वि. कलम 377 हटाने के पश्चात भारत में समलैंगिकता को कानूनी मान्यता मिलने के पश्चात अब समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की याचिका प्रविष्ट हुईं। इन याचिकाओं की नियमित सुनवाई होकर वह अब उन्हे इनका वर्गीकरण सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ में कर दिया गया है। एक सुनियोजित षड्यंत्र द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का प्रयत्न शुरू है। वैसे नियमित अभियोग, प्रलंबित निर्णय देने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पास समय नहीं है; परंतु समलैंगिकता विषय के लिए न्यायालय के पास समय है। इसप्रकार से गलत कानून बनाकर पति-पत्नी के पवित्र विवाहबंधन के लिए संकट निर्माण किया जा रहा है। सरकार और समाज को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए कि समलैंगिक विवाह को मान्यता देकर इस देश को और अधिक पतन की ओर मार्गक्रमण आरंभ होगा, ऐसा प्रतिपादन सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष झा ने किया। हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित समलैंगिकता का सर्वोच्च न्यायालय में इतना महत्त्व क्यों? इस ऑनलाइन विशेष संवाद में वे बोल रहे थे।

अधिवक्ता झा आगे बोले, ह्यमूलतः समलैंगिकता चर्चा का विषय हो ही नहीं सकती; कारण समलैंगिकता एक रोग है जिससे समाज के कुछ वर्ग ग्रस्त हैं । जिसप्रकार कोरोना के लिए सरकार ने लस बनाई, उसीप्रकार इस रोग से ग्रस्त लोगों को इलाज की आवश्यकता है । कल देश के लाखों चोर कहने लगे ह्यचोरी करना, हमारा संवैधानिक अधिकार है, तो उनका ऐसा संवैधानिक अधिकार हो ही नहीं सकता। इसीप्रकार समलैंगिकता के विषय में भी है। समलैंगिकता के समर्थन में याचिका न्यायालय में प्रविष्ट करनेवाले कौन हैं ? इसका सरकार को पता लगाना चाहिए। इतिहास की अध्ययनकर्ता मीनाक्षी शरण ने कहा, समलैंगिकता रोम एवं ग्रीस देशों से आई विकृति है । इसीसे एड्स रोग की उत्पत्ति हुई है। समलैंगिकता को मान्यता देकर पवित्र विवाह संस्था एवं कुटुंबव्यवस्था पर चारों ओर से आघात किए जा रहे हैं । हिन्दू धर्म में विवाह के समय पुरुष एवं स्त्री के मिलन को शिव-शक्ति का मिलन माना गया है । धर्म में जो चार ऋण बताए हैं, उनमें से पितृ ऋण चुकाने के लिए संतान की आवश्यकता होती है । वह केवल विवाह के माध्यम से ही साध्य हो सकता है । धर्म का योग्य पालन हो सकता है । वर्तमान में भटकी हुई युवा पीढी को समलैंगिकता के माध्यम से दिशाहीन करने का प्रयत्न किया जा रहा है । समाज में ऐसी अप्राकृतिक एवं गलत बातों का विरोध करने की आवश्यकता है।

परीक्षा में फेल हाने पर छात्र ने की खुदकुशी किराए का कमरा लेकर करता था पढ़ाई

बलिया। बलिया में सदर कोतवाली क्षेत्र के बेदुआ मां अम्बा कालोनी में मंगलवार की रात इंटरमीडिएट की परीक्षा में फेल होने से क्षुब्ध होकर एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्मार्टम को भेजवाया। मौत की खबर पाकर पहुंचे परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल रहा। पुलिस के अनुसार, बांसडीहरोड़ थाना के भुइली गांव निवासी मनोज पांडेय के पुत्र अजय पांडेय 18 वर्ष इंटर का छात्र था। वह शहर के बेदुआ मोहल्ले में मां अम्बा कालोनी में किराये के कमरे में रहकर पढ़ाई करता था। मंगलवार को इंटर का परीक्षाफल आया था, जिसमें अजय फेल हो गया था। इससे आहत होकर अजय रात में कमरे में पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों का फोन न उठाने पर बगल के लोगों ने दरवाजा खोलवाने का प्रयास किया, दरवाजा न खोलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे के अंदर का नजारा देख सभी के होश उड़ गये। अजय पांडेय का शव फंदे से लटका मिला। नौवजान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां व छोटी बहन का रोते-रोते बुरा हाल रहा। बहन दिव्याजंली पांडेय ने बताया कि उसका भाई परीक्षा परिणाम प्रतिकूल होने से दुखी था। वह अकेले रहता था, कभी कभी हमलोग आते थे। कोतवाल राजीव सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

समय से कार्य पूरा ना होने पर ठेकेदारों को नोटिस

बलिया। अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० बलिया ने बताया है कि मुख्य विकास अधिकारी बलिया द्वारा लोक निर्माण विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण खण्ड लो०नि०वि० बलिया के कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत पूर्वांचल विकास निधि योजना में स्वीकृत कार्य जो अभी भी अपूर्ण है को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस सम्बन्ध में विभाग की ओर से सम्बन्धित फर्मों / ठेकेदारों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गयी है कि यदि समय से कार्य पूर्ण नहीं होता है तो फर्म / ठेकेदार पर अर्थदण्ड लगा दिया जाएगा।

भाकपा माले ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम 11 सूत्रीय मांग पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के देश व्यापी आह्वान के तहत आज दिन गुरुवार को गांव गांव धरना प्रदर्शन एवं सभा के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को 11 सूत्री मांग पत्र दिया गया। तहसील सैदपुर के ग्राम कुशही हथौड़ा में आज के धरना पर सभा को सम्बोधित करते हुए खेग्रामस जिलाध्यक्ष नन्द किशोर बिन्द ने कहा कि देश भर में खेत मजदूरों, गामीण गरीबों की हालत बहुत खराब है। कार्य दिवस सहित मजदूरी भी घट गई है। ऊपर से मंहगाई जानलेवा हो गई है। अब तक देश में किसान आत्महत्या कर रहे थे, लेकिन हाल ही में संसद में पेश हुए एक रिपोर्ट के अनुसार सन् २०१९ से २०२२ के बीच ४२४३ दिहाड़ी मजदूरों ने आत्महत्या की है। दिहाड़ी मजदूर, गामीण मजदूरों का ही हिस्सा होते हैं। इनकी माली हालत ठीक करने एवं गरिमामई जीवन जीने की संवैधानिक अधिकार की गारंटी के लिए अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत गांव गांव धरना एवं सभा के माध्यम से सम्बोधित ज्ञापन में 11 मांग किया है। माले के मांगपत्र में उनकी मांगे निम्नवत है, जैसे की बुलडोजर राज पर तत्काल रोक लगाया जाए, दशकों से जिस जमीन पर गरीब बसे हैं उनको मालिकाना हक दिया जाए, बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए घरों को ना गिराया जाए, घर के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाया जाए, अनधिकृत बाशिंदों का सर्वे कराकर नया गृह कानून बनाया जाए। न्यूनतम मजदूरी दर कानून बनाया जाए और उसे प्रभावी तरीके से लागू किया जाए। अकुशल श्रमिकों के लिए केंद्रीय न्यूनतम श्रम कानून के मुताबिक 429 रुपया दैनिक मजदूरी घोषित किया जाए। केंद्रीय कानून के अनुसार राज्य द्वारा मनरेगा मजदूरों को 429 रुपया दैनिक न्यूनतम मजदूरी दिया जाए। डिजिटल उपस्थिति हस्ताक्षर बंद किया जाए। भूख सूचकांक के अनुसार भारतीय खाद्य सुरक्षा कानून की स्थिति बहुत खराब है, खाद्य सुरक्षा कानून मजबूत किया जाए, जिसमें चावल, गेहूं, दाल, तेल, इंधन, सब्जी, दूध, चीनी आदि दिया जाए और इसे संवैधानिक कानून का दर्जा दिया जाए, ताकि राजनीतिक दुरुपयोग रोका जा सके। सभी वृद्धा, विधवा, विकलांग, का मासिक पेंशन 3000 रुपया मासिक अनिवार्य रूप से दिया जाए। प्रधानमंत्री आवास सहायता 500000 रुपया किया जाए एवम इसमें दलालों एवं भ्रष्ट अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे लूट पर रोक लगाया जाए। सभी गरीबों का स्वयं सहायता समूह, माइक्रोफाइनेंस कंपनियों एवं सूदखोरों से लिए गए कर्ज माफ किया जाए एवं गरीबों को बिना ब्याज का 500000 रुपया तक कर्ज दिया जाए। स्वयं सहायता समूह एवं माइक्रोफाइनेंस कंपनियों का ब्याज दर घटाया जाए, बलपूर्वक वसूली अक्षम्य अपराध माना जाए। सभी दलित गरीब व बीपीएल परिवारों का बिजली बिल माफ किया जाए और 200 यूनिट प्रतिमाह बिजली फ्री दिया जाए। जानलेवा महंगाई पर रोक लगाया जाए, खाद्य पदार्थों, दवाओं का लगातार हो रही दाम वृद्धि रोका जाए, गरीबों को महंगाई भत्ता प्राप्त करने के लिए कानून बनाया जाए। स्वास्थ्य और शिक्षा का निजीकरण बंद किया जाए, गरीबों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की गारंटी किया जाए, प्रत्येक स्तर पर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दिया जाए। गरीब महिलाओं पर दबंगों, संगठित अपराधियों एवं पुलिस के द्वारा बढ़ते हमले पर रोक लगाया जाए। उत्तर प्रदेश के जिला गाजीपुर, थाना खानपुर में भाकपा माले नेताओं पर दर्ज फर्जी मुकदमा वापस लिया जाए। आज के कार्यक्रम तहसील सैदपुर के ग्राम कुशही हथौड़ा में कामरेड नन्द किशोर बिन्द, सरोज यादव, आजाद यादव, कन्हैया कुमार, उर्मिला देवी, संजय विश्वकर्मा, पंकज भारद्वाज, बेचू बनवासी, आदि लोगों ने सदर तहसील पर योगेंद्र भारती, मोती प्रधान, प्रमोद कुशवाहा, हरेंद्र बनवासी, जवाहिर बनवासी करण्डा के मैनपुर में खेग्रामस के जिला सचिव राजेश बनवासी, सतेन्द्र प्रजापति, आदि, तहसील सेवराई के ग्राम सरैला में भाकपा माले केंद्रीय कमेटी सदस्य ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, जिला सचिव शशिकांत कुशवाहा, विजय कुमार, उमा, जवाहर, सत्य प्रकाश गौतम, दिना, केवला बनवासी, आदि ने, ग्राम करवनिया के भाकपा माले कार्यालय पर ब्लाक सचिव रामप्रवेश कुशवाहा, भरत राम, महेंद्र, रामाशंकर राजभर, सुधाकर आदि ने ग्राम गहमर में एपवा जिला अध्यक्ष चन्द्रावती आदि ने सभा को संबोधित किए।

संक्षिप्त खबरें

जिलाधिकारी के उपस्थिति में हुआ मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदान कार्मिको का द्वितीय प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी की उपस्थित मे स्नातकोत्तर महाविद्यालय के टेरी भवन के विभिन्न कक्षो मे सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनरों द्वारा चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाईन के अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे बैलेट बाक्स को सील करने, एजेन्ट की नियुक्ति करने एवं अन्य विषयों पर विस्तार से कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। आज गुरुवार के द्वितीय प्रशिक्षण मे प्रथम पाली में 600 कार्मिकों में 16 अनुपस्थित पाये गये तथा द्वितीय पाली में 584 कार्मिकों में 16 अनुपस्थित पाये गये। उन्होने अनुपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अगले दिन 28 अप्रैल 23 के प्रशिक्षण मे भाग लेना सुनिश्चित करें अन्यथा अनुपस्थित पाये जाने पर उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में एफ.आई.आर. दर्ज करायी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, अपर जिलाधिकारी भू-राजस्व सुशील लाल श्रीवास्तव, सहायक निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं प्रशिक्षण से सम्बन्धित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

पुलिसकर्मियों के बीच आपस में हुई मारपीट का वीडियो वायरल होते ही 6 पुलिसकर्मी हुए निलंबित

प्रखर मिजार्पुर। जनपद के थाना संतनगर में पिछले दिनों पुलिसकर्मियों के बीच आपस में हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग की हो रही किरकिरी के बाद पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा क्षेत्राधिकारी लालगंज से जांच करायी गयी । जांच में कतिपय आरोपों के प्रमाणित होने पर दोषी पाये गये पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी है । जिसमें संलिप्त 1.मु0आरक्षी-नामवर सिंह यादव , 2.मु0आरक्षी-धर्मेन्द्र सिंह को पदच्युत किया गया है तथा मु0आ?क्षी-देव प्रकाश पाण्डेय 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ के विरूद्ध पदच्युत की कार्यवाही हेतु सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ से पत्रचार किया गया है तथा 1.उप-निरीक्षक मनोज उपाध्याय, 2.मु0आरक्षी-उपेन्द्र सिंह ,3.मु0आरक्षी-करन सिंह यादव, 4.आरक्षी-विमलेश सिंह ,5.आरक्षी-लखन रावत ,6.आरक्षी-नागेन्द्र कुमार यादव को निलम्बित कर दिया गया है ।

घर से निकला किशोर गायब, मुकदमा दर्ज

प्रखर पिंडरा वाराणसी। घर से साइकिल से दोस्तो से मिलने के लिए निकले 17 वर्षीय किशोर के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने के बाद परिजनों ने फूलपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस को दिए तहरीर में पिता सूर्यभान निवासी धरसौना ने बताया कि उसका पुत्र 25 अप्रैल को सायं 4 बजे घर से साइकिल से दोस्तो से मिलने व बाजार से सामान लेने के लिए निकला लेकिन वापस घर नही लौटा। पिता ने बताया कि 17 वर्षीय पुत्र सुशील के लिए काफी खोजबीन की लेकिन कही पता नही चला। पुलिस ने पिता के तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। वही युवक की माँ आँगनवाड़ी कार्यकर्ती है।

154 प्राइवेट विद्यालयों ने शुरू नहीं किया डाटा फिडिंग का कार्य

नगरा, बलिया। शासन के तरफ से यू -डायस पर कक्षा 1 से 12 वीं क्लाश के छात्रों का पूर्ण विवरण अपलोड कराया जा रहा है। इसे लेकर शासन व शिक्षा विभाग के जनपदीय अधिकारी काफी संवेदनशील हैं। विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को पत्र के द्वारा कार्यवाई कि चेतावनी दी जा रही है इसके बावजूद नगरा क्षेत्र के 154 विद्यालयों ने अभी तक डाटा फिडिंग का कार्य शुरू ही नही किया है। इन्हे रेड जोन में रखा गया है। इन विद्यालयों पर कभी भी गाज गिर सकती है। जिन विद्यालयों ने फिडिंग का कार्य शुरू कर दिया है उन्हे येलो व जिनका कार्य पूर्ण हो गया है उन्हे ग्रीन जोन में रखा जा रहा है। जिन 154 विद्यालयों ने अभी तक डाटा फिडिंग का कार्य शुरू नही किया है उनमें प्राइवेट इंटर कालेज, हाईस्कूल व प्राइवेट जूनियर व प्राथमिक विद्यालय हैं। बुधवार को पोर्टल की साइड स्लो चलने से जनसेवा केंद्र संचालक व स्कूलों के प्रधानाचार्य काफी परेशान रहे। एक छात्र के लिये 54 विंदुओं पर सूचनायें देनी है। एक छात्र का पूरा कंपलीट फार्म भरने में 15 से 20 मिनट का समय लग रहा है। नगरा क्षेत्र में प्राथमिक परिषदीय, जूनियर परिषदीय, राजकीय हाईस्कूल, वित्त पोषित इंटर कालेज व वित्तविहीन विद्यालयों की संख्या 456 है। स्थानीय स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह ने भी डाटा फिडिंग के लिये बैठक के माध्यम से स्कूलों के प्रधानाचार्यों को चेतावनी दी है।

नियमित स्कूल जाकर क्लाश करने वालों की बल्ले बल्ले

नगरा, बलिया। यूपी बोर्ड ने 25 अप्रैल को कक्षा 10 वीं व 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। इसमें नियमित स्कूल जाकर पढाई करने वाले छात्रों का परिणाम प्रतिशत बेहतर रहा जबकि एक दिन भी स्कूल न जाकर कोचिंग संस्थानों में पढने वाले छात्रों का परिणाम प्रतिशत नियमित क्लाश करने वालों के मुकाबले कम रहा। विभिन्न विद्यालयों के रिजल्ट पर यदि नजर दौडाई जाय तो कोचिंग की पढाई करने वाले छात्रों को निराशा हाथ लगी है। उन्हे 65 से 70 प्रतिशत अंक हासिल हुये जबकि नियमित क्लाश करने वाले छात्रों कों 85 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसे लेकर कोचिंग संचालकों में बेचैनी हो गयी है। नगरा क्षेत्र में एक दर्जन से उपर अवैध कोचिंग संस्थान संचालित हो रहें हैं। इनमे प्रति छात्र 3 सौ से 350 रुपये मासिक शुल्क लिया जाता है। स्थिति यह है कि छात्रों का प्रवेश तो विद्यालयों में रहता है किंतु वे केवल एडमिशन व प्रवेश पत्र लेने के लिये ही स्कूल जाते हैं। प्रवेश करा कर वह सीधे कोचिंग स्स्थानों की तरफ रुख कर लेते हैं। इन कोचिंग संस्थानों में इंटर , बीए पास बेरोजगार युवक पढाते हैं। अमूमन यह मान कर चला जाता है कि कोचिंग संस्थानों में पढने वाले छात्रों का परीक्षा परीणाम अच्छा होना चाहिये लेकिन इस साल का परीक्षा परिणाम सबकों चौंका दिया है। अभिभावकों का कहना है कि जब कम फीस में स्कूल में अच्छी पढाई मिल जा रही है तो कोचिंग भेंजने से क्या फायदा है।

भारतीय ध्वज विवाद पर दिलजीत दोसांझ ने दिया मुंहतोड़ जवाब

मुंबई (आईएएनएस)। लोकप्रिय पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने कैलिफोर्निया के कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल 2023 में परफॉर्म किया। इस दौरान उनपर कुछ यूजर्स ने भारतीय झंडे का अपमान करने का आरोप लगाया, जिनको उन्होंने करारा जवाब दिया है। दिलजीत की एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वह भीड़ में तिरंगा लहरा रही एक महिला की ओर इशारा करते हुए दिखाई दे रहे हैं और दर्शकों से कह रहे हैं, ए मेरी पंजाबी भाई भरवां लेई

मेरे देश दा झंडा लाइक खादी आ कुड़ी, एह मेरे देश लयी, नकारात्मकता टन बचाओ, म्यूजिक सारेयां दा सांझा। इसका हिंदी में मतलब है कि ये लड़की मेरे देश का झंडा लेकर चल रही है, मेरे सभी पंजाबी भाइयों और बहनों के लिए, ये मेरे देश के लिए है। नकारात्मकता से दूर रहें। म्यूजिक सबका है। लेकिन सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनके इन बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और जमकर ट्रोल करने लगे। इस पर अब दिलजीत ने ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने ट्वीट किया: फेक न्यूज और नेगेटिविटी मत फैलाओ। मैं किहा एह मेरे देश का झंडा है, एह मेरे देश लाई.. मतलब मेरी एह परफॉर्मेंस मेरे देश लाई। जे पंजाबी नहीं औंदी तन गूगल कर लिया करो यार... किंव के कोचेला एक बड़ा म्यूजिकल फेस्टिवल आ ओथे हर देश तो लोग औंदे ने.. इसीलिए म्यूजिक सब दा सांझा है। सही गल नू पुथी किवे घुमौना कोई तुदे वारगेया तोन सीखे।



DNA की संरचना को उजागर करने वाले लेखकों को नहीं मिला उचित श्रेय

लंदन (द कन्वरसेशन)।

सत्तर साल पहले, दो पुरुष वैज्ञानिकों, फ्रांसिस क्रिक और जेम्स वाटसन ने घोषणा की कि उन्होंने जीवन का रहस्य अर्थात डीएनए की संरचना का पता लगा लिया है। तब से इतिहास ने स्वीकार किया है कि कैसे इस खोज में बराबर का योगदान देने वाली रोजालिंड फ्रैंकलिन को दरकिनार कर दिया गया। लेकिन नए अभिलेखीय साक्ष्यों ने व्यापक रूप से स्वीकृत आख्यान पर संदेह पैदा किया है कि फ्रैंकलिन ने एक महत्वपूर्ण खोज तो की लेकिन उसके महत्व को उस तरह से समझ नहीं पाईं। डीएनए के इस ज्ञान ने इस बात की गहरी समझ प्रदान की कि डीएनए कैसे जानकारी संग्रहीत करता है और इसे कैसे दोहराया जाता है। इसने डीएनए फिंगरप्रिंटिंग, जीन अनुक्रमण, जीन संपादन और व्यक्तिगत दवाओं जैसी तकनीकों तक पहुंचने का रास्ता बनाया। पिछले 70 वर्षों में वाटसन और क्रिक के नाम डीएनए का पर्याय बन गए हैं। लेकिन वैज्ञानिक खोजें शायद ही कभी कुछ व्यक्तियों का परिणाम होती हैं। अधिकांश सफलताएं सहयोग के माध्यम से होती हैं। डीएनए की कहानी कोई अपवाद नहीं है। डीएनए संरचना की खोज वास्तव में तीन पत्रों की एक श्रृंखला में वर्णित की गई थी और तीन पेपर सात लेखकों के प्रत्यक्ष इनपुट का परिणाम थे। रोजालिंड फ्रैंकलिन, रेमंड गोसलिंग, मौरिस विल्किंस, एलेक स्टोक्स, हर्बर्ट विल्सन, जेम्स वाटसन और फ्रांसिस क्रिक।

फिर भी वह डटी रही : फ्रेंकलिन उस समय के स्थानिक लिंगवाद से भयानक रूप से पीड़ित थीं। वॉटसन की 1968 की पुस्तक द डबल हेलिक्स में उन्होंने बार-बार फ्रैंकलिन का अपमान किया है, उनके रूप-रंग, उनके नारीवादी सिद्धांतों और उनकी भावनाओं के बारे में नकारात्मक टिप्पणी की है। एक वाक्यांश में वाटसन लिखते हैं, उसकी जुझारू मनोदशा को देखते हुए, मौरिस विल्किंस के लिए ऐसी स्थिति बनाए रखना मुश्किल था जो उन्हें डीएनए के बारे में बिना बाधा सोचने में मदद करे। फ्रेंकलिन ने अपने पीएचडी छात्र रेमंड गोसलिंग के साथ मिलकर विज्ञान की सबसे प्रसिद्ध छवियों में से एक बनाई। यह एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी नामक तकनीक का उपयोग करके डीएनए के एक क्रिस्टल के माध्यम से चमकदार एक्स-रे द्वारा उत्पन्न एक तस्वीर थी। छवि को फोटो 51 के रूप में जाना जाता है और इसमें डीएनए के भौतिक आयामों पर महत्वपूर्ण जानकारी थी। कहा जाता है कि छवि को फ्रैंकलिन की जानकारी या अनुमति के बिना वाटसन को दिखाया गया था। अपनी पुस्तक में वॉटसन बताते हैं कि कैसे छवि को देखते ही एक पल में सब कुछ साफ हो गया और डीएनए की पेचदार संरचना उनके लिए स्पष्ट हो गई। यह कथा (जिसे लोकप्रिय लेखों और निकोल किडमैन की उपलब्धि दर्शाने वाले एक नाटक में दोहराया गया है) फ्रैंकलिन को बौद्धिक संपदा की चोरी के शिकार के रूप में चित्रित करती है, लेकिन इसका अर्थ है कि वह अपने डेटा के निहितार्थ को नहीं समझती है।

चीजें अलग हो सकती थीं: फ्रेंकलिन के परामर्श से लिखा गया मसौदा समाचार लेख, डीएनए कार्य को दो टीमों के बीच समान सहयोग के माध्यम से किए जाने के रूप में चित्रित करता है। एक किंग कॉलेज लंदन में स्थित था, जिसमें विल्किंस और फ्रैंकलिन शामिल थे। दूसरा कैवेंडिश प्रयोगशाला, कैम्ब्रिज में था, जिसमें वाटसन और क्रिक शामिल थे।

श्रेय लेना

अपने पुरुष सहयोगियों के विपरीत, न तो फ्रेंकलिन, चेस और न ही बेल ने विज्ञान की अपनी अभूतपूर्व उपलब्धियों के लाभों का फायदा उठाया। हर्शे, वॉटसन, क्रिक और विल्किंस सभी को नोबेल पुरस्कार मिला। फ्रेंकलिन की उपलब्धियां 1958 में 37 वर्ष की आयु में डिम्बग्रंथि के कैंसर से उनकी मृत्यु के कारण कम हो गई। 1953 के बाद से बहुत कुछ बदल गया है। हालांकि, विज्ञान के उच्च क्षेत्रों में अभी भी महिलाओं को व्यापक रूप से प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता है। अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

इतिहास ने स्वीकार किया है कि कैसे इस खोज में बराबर का योगदान देने वाली रोजालिंड फ्रैंकलिन को दरकिनार कर दिया गया

बिहार के जर्दालू का स्वाद चखेंगे अमेरिका, आस्ट्रेलिया के लोग

भागलपुर (आईएएनएस)।

बिहार के स्वादिष्ट जर्दालू आम का स्वाद अब अमेरिका और आस्ट्रेलिया के लोग भी चखेंगे। निर्यात करने के लिए बजाप्ता भागलपुर के आम किसानों को प्रशिक्षण के लिए महाराष्ट्र भेजने की तैयारी चल रही है। भागलपुर के कृषि विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले साल भागलपुर से जर्दालू आम तीन देशों में निर्यात किया गया था। इसमें इंगलैंड, बेल्जियम और बहरीन शामिल था। इस साल अमेरिका और आस्ट्रेलिया भी भेजने की तैयारी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि इसके लिए भागलपुर के आम किसानों को महाराष्ट्र में प्रशिक्षित किया जाएगा। किसानों का एक जत्था जल्द ही महाराष्ट्र के रत्नागिरी जाएगा जहां हॉर्टिकल्चर टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट में किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यहां के 50 किसानों को प्रशिक्षित करने की योजना है, लेकिन इस बार आठ किसानों का चयन किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान किसान आम की शॉर्टिंग, ग्रेडिंग, पैकेजिंग, वॉशिंग के अलावा वैल्यू एडिशन का भी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके अलावा इन किसानों को आम से दूसरे उत्पाद तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस साल नौ से 10 टन आम के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। किसान भी अपने उत्पादों को विदेश भेजने को लेकर उत्साहित हैं

इसके पहले भी महाराष्ट्र के जलगांव में 30 किसान प्रशिक्षित होकर लौटे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के कहलगांव में एक पैक हाउस बनकर लगभग तैयार है, जबकि सुल्तानगंज में दूसरे पैक हाउस की मंजूरी मिल गई। उद्यान विभाग के एक अधिकारी का मानना है कि किसान आम का उत्पादन तो कर लेते हैं, लेकिन निर्यात के लिए उनके पास जानकारी नहीं रहती है। इस साल नौ से 10 टन आम के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि किसान भी अपने उत्पादों को विदेश भेजने को लेकर उत्साहित हैं।

फाफ डू प्लेसिस ने विरुष्का संग शेयर की फोटो

मुंबई (आईएएनएस)। पावर कपल विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने आरसीबी कप्तान फाफ डु प्लेसिस के साथ फोटो क्लिक करवाई, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। डु प्लेसिस ने इंस्टाग्राम पर विराट और अनुष्का के साथ एक फोटो शेयर की। फोटो में विराट फनी फेस बना रहे हैं जबकि अनुष्का सीरियस गैंगस्टर लुक में हैं। दोनों के पीछे डु प्लेसिस खड़े हैं। तीनों को ग्रीन कलर की टीशर्ट में देखा जा सकता है। इस फोटो को शेयर करते हुए डु प्लेसिस ने कैप्शन में लिखा- टीम ग्रीन। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पोस्ट शेयर करते हुए विराट ने कहा, हाहाहा, हम क्या कहलाते हैं? अनुष्का शर्मा। एक्ट्रेस ने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, बैंड का नाम- फेश लाइम सोडा। एक्टिंग फ्रंट की बात करें तो, अनुष्का जल्द ही प्रोसित रॉय द्वारा निर्देशित फिल्म चकदा एक्सप्रेस में भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

रजनीकांत की थलाइवा 170 में कैमियो करेंगे सूर्या

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय सिनेमा के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म थलाइवा 170 में सुपरस्टार सूर्या कैमियो करते नजर आ सकते हैं। रजनीकांत इन दिनों अपनी आने वाली

फिल्म थलाइवा 170 में बिजी हैं। थलाइवा 170 का फिलहाल टाइटल फाइनल नहीं हैं। इस फिल्म को टीजे ज्ञानवेल निर्देशित करने वाले हैं। चर्चा है कि रजनीकांत की फिल्म थलाइवा 170 में सूर्या का धमाकेदार कैमियो होने वाला है। यह एक एक्सटेंडेड कैमियो होगा। जिसमें सूर्या करीब 15 मिनट तक रजनीकांत के साथ सिल्वर स्क्रीन शेयर करेंगे। बताया जा रहा है कि थलाइवा 170 में सूर्या को एक अहम किरदार के लिए बुलाया गया है। सूर्या के साथ निर्देशक टीजे ज्ञानवेल पहले ही क्रिटिकली और कमर्शियली सक्सेसफुल फिल्म जय भीम दे चुके हैं।

हम दिल दे चुके सनम की नंदिनी मेरे लिए बेहद खास : ऐश्वर्या

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय बच्चन जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म पोन्नियिन सेलवन: 2 में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म हम दिल दे चुके सनम में नंदिनी की भूमिका निभाने पर खुलकर बात की। पीएस: 2 के लिए आयोजित एक मीडिया इवेंट के दौरान ऐश्वर्या से नंदिनी नाम के साथ उनके खास संबंध के बारे में पूछा गया। बता दें कि वह

पीएस: 2 में नंदिनी नाम के महिला का किरदार निभा रही हैं। अपने इस किरदार के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने मीडिया से कहा, क्या संयोग है। यह अमेजिंग है ना?, हम दिल दे चुके सनम में नंदिनी का किरदार भी बहुत यादगार था। उसने लोगों के दिल पर राज किया और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे तब भी नंदिनी का किरदार निभाने का मौका मिला। वह दर्शकों के लिए और निश्चित रूप से मेरे लिए खास रहीं। हम दिल दे चुके सनम में ऐश्वर्या ने सलमान खान की प्रेमिका का किरदार निभाया था, जो पारिवारिक दबाव में अजय देवगन द्वारा अभिनीत शख्स से शादी कर लेती है।

किंग खान ने शुरू की डंकी की कश्मीर में शूटिंग

श्रीनगर (आईएएनएस)। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने बुधवार को राजकुमार हिरानी की आने वाली फिल्म डंकी के एक गाने के सीक्वेंस की शूटिंग जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग टूरिस्ट रिजॉर्ट में शुरू की। एक्टर सोमवार को घाटी के गांदरबल जिले के सोनमर्ग हिल स्टेशन पहुंचे, जहां वह और एक्ट्रेस



तापसी पन्नू एक लोकल होटल में ठहरे। फिल्म यूनिट के सूत्रों ने कहा कि घाटी में डंकी के चार दिवसीय शूटिंग शेड्यूल में सोनमर्ग और श्रीनगर में डल झील की बाहरी लोकेशन शामिल हैं। सोनमर्ग में, सॉन्ग सीक्वेंस में थजवास ग्लेशियर का बैकग्राउंड और घास के मैदान के बीच से बहने वाली सिंध नदी का पानी है। सोनमर्ग में आखिरी हाई-प्रोफाइल शूटिंग शेड्यूल में सलमान खान की बजरंगी भाईजान और रेस 3 शामिल थीं। सोनमर्ग हमेशा यश चोपड़ा की सिलसिला और कभी कभी जैसी सुपर-हिट रोमांटिक बॉलीवुड फिल्मों के केंद्र में रहा है। सोनमर्ग में किंग खान का आगमन इन दिनों हिल स्टेशन पर आने वाले सैकड़ों पर्यटकों के लिए एक अतिरिक्त आकर्षण के रूप में आया है। पर्यटकों के अलावा, स्थानीय युवा भी शाहरुख खान की एक झलक पाने के लिए हिल स्टेशन पर उमड़ रहे हैं।

एनटीआर जूनियर के साथ काम करना चाहते हैं जेम्स गन

मुंबई (आईएएनएस)। गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी के निर्देशक जेम्स गन ने आरआरआर फेम एनटीआर जूनियर के साथ काम करने की इच्छा जाहिर की है। एक पब्लिकेशन के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में, गन ने कहा कि वह भारतीय एक्टर एनटीआर जूनियर के साथ काम करना चाहते हैं। निर्देशक से पूछा गया कि अगर वह किसी भारतीय अभिनेता को गार्जियंस यूनिवर्स में पेश कर सकते हैं, तो वह कौन होगा। इसका जवाब देते हुए, निर्देशक ने कहा कि वह आरआरआर के एक्टर के साथ काम करना पसंद करेंगे। गुन ने कहा कि जूनियर एनटीआर फिल्म में अद्भुत और कूल नजर आए थे। मार्वल स्टूडियोज का गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 3 भारत में 5 मई को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगा।

19 मई को रिलीज होगी 'आजम'

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता जिमी शेरगिल की आने वाली फिल्म 'आजम ' 19 मई को रिलीज होगी। जिमी शेरगिल फिल्म आजम में गैंगस्टर की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म के प्रोड्यूसर टीबी पटेल हैं। फिल्म में जिमी शेरगिल के किरदार का नाम जावेद है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल के साथ अभिमन्यु सिंह, इंद्रनील सेनगुप्ता, गोविंद नामदेव और रजा मुराद जैसे सितारे नजर आने वाले हैं। निमार्ताओं ने 'आजम' का एक मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें जावेद के रूप में जिमी का लुक दिखाया गया है। पोस्टर में जिमी मुंबई के आइकॉनिक गेटवे ऑफ इंडिया में नजर आ रहे हैं। जिमी ने कहा, मैं नवाब खान के करीबी सहयोगी जावेद की भूमिका निभा रहा हूं, जो शहर के अंडरवर्ल्ड के सबसे शक्तिशाली डॉन में से एक है। जावेद का रोल चुनौतीपूर्ण है। यह फिल्म 19 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

सोनाक्षी की 'दहाड़' का टीजर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज दहाड़ का टीजर रिलीज हो गया है। सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'दहाड़'12 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। सोनाक्षी वेब सीरीज'दहाड़'में पुलिस अफसर के रोल में नजर आएंगी। दहाड़ का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत 27 महिलाओं की मौत की उलझी गुत्थी से होती है, जिसके खिलाफ कोई भी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। हालांकि, इन होती हत्याओं के मामलों की पड़ताल करने का बीड़ा सोनाक्षी सिन्हा यानी सब-इंस्पैक्टर अंजलि भाटिया उठाती हैं। दहाड़ का निर्देशन रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय ने मिलकर किया है। 'दहाद' में सोनाक्षी सिन्हा, विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह मुख्य भूमिका में हैं। जोया अख्तर और रीमा कागती की बनाई गई यह वेब सीरीज भारत की पहली ऐसी वेब सीरीज है जो बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रिलीज की गई।

फिल्म उद्योग पुरुष प्रधान है, लेकिन बदलाव आया है

रवीना

नई दिल्ली (भाषा)। अभिनेत्री रवीना टंडन ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 100 कड़ी पूरे होने के अवसर पर बुधवार को आयोजित 'मन की बात एट 100 पर राष्ट्रीय सम्मेलन' कार्यक्रम में चर्चा के दौरान कहा कि हिंदी फिल्म उद्योग में महिलाओं ने कैमरे के आगे और कैमरे के पीछे दोनों ही मोर्चों पर धारणाओं को तोड़ने का काम किया है और पुरुष प्रधान सभी क्षेत्रों में अपनी जगह बनाई है। 1990 और 2000 के दशक की शुरुआत में हिंदी सिनेमा में अपने अभिनय का जलवा बिखेरने वाली टंडन ने कहा कि फिल्म उद्योग को टीवी और ओटीटी (ओवर दी टॉप) मंचों से सीखना चाहिए जहां महिलाओं को अच्छा पैसा मिलता है और महिला प्रधान कार्यक्रमों का निर्माण भी किया जाता है।

उन्होंने कहा, हम महिलाओं के मेहनताने में भेदभाव के बारे में बात करते हैं लेकिन टीवी उद्योग में आज महिलाओं को उनके काम की वजह से उनके पुरुष समकक्षों से ज्यादा भुगतान किया जाता है जो अच्छी चीज है और मैं समझती हूं कि टीवी उद्योग में महिलाएं राज करती हैं। ओटीटी मंच पर भी अधिकतर महिला प्रधान और महिलाओं के विषय पर कार्यक्रम होते हैं। यहां 'नारी शक्ति' सत्र को संबोधित करते हुए 48 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, फिल्म उद्योग में हम धीरे-धीरे लेकिन पक्के तौर पर इस दिशा में बढ़ रहे हैं क्योंकि शुरुआत से ही यह एक पुरुष प्रधान उद्योग रहा है लेकिन निश्चित रूप से इसमें कुछ बदलाव आए हैं।

संक्षिप्त खबरें

एमजी मोटर की नई कार

नई दिल्ली। वाहन कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने बुधवार को अपनी कार का नया माडल 'कामेट' पेश किया है। इसकी शुरुआती शोरूम कीमत 7.98 लाख रुपए है। कंपनी का दावा है कि यह देश का सबसे किफायती इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) है। जेडएस ईवी के बाद कॉमेट कंपनी का दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन माडल है। एमजी मोटर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राजीव छाबा ने बयान में कहा, 'कॉमेट ईवी सिर्फ एक कार नहीं उससे कहीं अधिक है। यह शहरों में आवाजाही के तरीके को बदलने के हमारे दृढ़ संकल्प को आगे बढ़ाती है।' उन्होंने कहा कि कॉमेट ईवी को शुद्ध इलेक्ट्रिक जीएसईवी मंच पर तैयार किया गया है। एमजी मोटर ने कॉमेट के विकास में करीब 700 करोड़ रुपए का निवेश किया है।

विजय मेहता अध्यक्ष बने

नयी दिल्ली। शेयर ब्रोकरों के संगठन एएनएमआई ने मेफकॉम कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड के चेयरमैन विजय मेहता को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपना अध्यक्ष चुना है। एसोसिएशन आफ नेशनल एक्सचेंजज मेंबर्स आफ इंडिया (एएनएमआई) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मेहता ने कमलेश शाह की जगह ली है। मेहता, यहां पांच क्षेत्रों को बढ़ावा देने में सहयोग करेंगे। जिनमें व्यापार करने में आसानी, ब्रोकिंग उद्योग के लिए सुधार विशेषकर अनुपालन वाले क्षेत्रों में, साफ्टवेयर के मानकीकरण और हितधारकों तथा सदस्यों के बीच संपर्क सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाना शामिल है। मेहता पूंजी बाजारों के लिए निवेशकों के ज्ञान और उद्योग की स्थिति को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

टीएसएलपी को घाटा

नई दिल्ली। टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स (टीएसएलपी) को वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में व्यय बढ़ने की वजह से एकल आधार पर 184.11 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। टीएसएलपी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह बताया। वित्त वर्ष 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी को 59.62 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की कुल आय बढ़कर 1,911.98 करोड़ रुपए हो गई जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,823.67 करोड़ रुपए थी। मार्च तिमाही में कंपनी का कुल व्यय बढ़ा है। यह 1,738.24 करोड़ रुपए की तुलना में बढ़कर समीक्षाधीन अवधि में 2,054.12 करोड़ रुपए हो गया है। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 में, कंपनी को 1,085.49 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है।

निवेश करेगी एस्सार

कोलकाता। निजी क्षेत्र की तेल, गैस खोज और उत्पादन कंपनी एस्सार आयल एंड गैस एक्सप्लोरेशन एंड प्रोडक्शन लि. (ईओजीईपीएल) पश्चिम बंगाल के रानीगंज में कोयले की परतों में पाई जाने वाली मिथेन गैस (सीबीएम) परियोजना में अगले डेढ़ से दो साल में 2,000 करोड़ रुपए का और निवेश करेगी। कंपनी इससे पहले रानीगंज ब्लॉक में 5,000 करोड़ रुपए का निवेश कर चुकी है। इसके तहत कंपनी ने 350 कुओं की खुदाई की और वह प्रतिदिन नौ लाख घन मीटर गैस का उत्पादन कर रही है। ईओजीईपीएल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पंकज कालरा ने कहा कि 200 और कुओं की खुदाई के लिए अगले डेढ़ से दो साल में 2,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त निवेश किया जाएगा।

टाटा मोटर्स की रेटिंग सुधरी

नई दिल्ली। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने टाटा मोटर्स की आय में सुधार और कर्ज के बोझ को घटाने की कवायदों के चलते परिदृश्य को स्थिर मानते हुए कंपनी की रेटिंग में बदलाव किया है और इसे स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबी' कर दिया गया है। इससे पहले टाटा मोटर्स को एजेंसी ने 'बीबी-' की रेटिंग दी थी। एसएंडपी के मुताबिक 'बीबी' श्रेणी निकट भविष्य में कम अस्थिरता को दर्शाती है। हालांकि, इसमें कई अनिश्चितताओं के साथ प्रतिकूल व्यापार, वित्तीय और आर्थिक स्थिति को प्रभावित करने का जोखिम होता है। भारत में टाटा मोटर्स की परिचालन परिस्थितियों में सुधार के चलते 12 से 18 माह में कंपनी के लिए नकदी प्रवाह मजबूत होगा।(एजेंसियां)

पीएलआई के तहत मार्च तक 2,875 करोड़ रुपए आवंटित

■ योजना के तहत काफी अच्छा रहा आठ उद्योग क्षेत्रों को प्रदर्शन ■ योजना में 14 उद्योगों को दिये जाएंगे 1.97 लाख करोड़ रुपए

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लाभार्थियों को मार्च तक 2,874.71 करोड़ रुपए जारी किए हैं। इससे लाभान्वित होने वाली कंपनियों में इलेक्ट्रानिक्स, दूरसंचार, दवा एवं खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी फर्मों की बहुतायत है।

उद्योग संवर्द्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के अतिरिक्त सचिव राजीव सिंह ठाकुर ने यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आठ उद्योग क्षेत्रों का प्रदर्शन पीएलआई योजना के तहत काफी अच्छा रहा है जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों को अपनी रफ्तार बढ़ाने की जरूरत है। सरकार ने वर्ष 2020 में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत 14 उद्योगों के लिए प्रोत्साहन के तौर पर कंपनियों को देने के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया था।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आठ क्षेत्रों की कंपनियों से 3,420.05 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन दावे मिले हैं जिनमें से

मार्च तक सरकार ने 2,800 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान कर दिया है।

सिंह ने कहा, 'अगले दो-तीन साल काफी महत्वपूर्ण होंगे और हमें उम्मीद है कि चीजें तेज रफ्तार से आगे बढ़ेंगी।' दिसम्बर, 2022 तक सरकार को 14 क्षेत्रों में सक्रिय कंपनियों से 717 आवेदन मिले थे। इनमें कंपनियों ने 2.74 लाख करोड़ रुपए निवेश की प्रतिबद्धता जताई थी। हालांकि, सिंह ने कहा कि वास्तविकता में 53,500 करोड़ रुपए का निवेश ही हुआ है जिससे पांच लाख करोड़ रुपए की उत्पादन वृद्धि और तीन लाख से अधिक रोजगार पैदा हुए है।

पीएलआई योजना के तहत सबसे ज्यादा 1,649 करोड़ रुपए इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र को आवंटित किए गए थे। इसके अलावा दवा क्षेत्र को 652 करोड़ रुपए और खाद्य उत्पाद क्षेत्र को 486 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। इस योजना के दायरे में कुछ अन्य क्षेत्रों को भी शामिल किए जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कई उद्योगों से इस तरह की मांग सामने आ रही है लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है।

मारुति के शुद्ध लाभ में 42 फीसद का इजाफा

नई दिल्ली (भाषा)।

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएमआई) का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष (2022-23) की चौथी तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़कर 2,671 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कंपनी ने कहा कि बिक्री में सुधार, प्राप्तियां बेहतर रहने और अनुकूल विदेशी मुद्रा विनिमय गतिविधियों से उसका मुनाफा बढ़ा है। एमएसआई ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की मार्च तिमाही में 1,876 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

कंपनी की आलोच्य तिमाही में शुद्ध बिक्री 26,749 करोड़ से बढ़कर 32,060 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।

एयर इंडिया के परिचालक दल की सेवाएं निलंबित

■ जांच पूरी होने तक निलंबित रहेंगी सेवाएं
■ काकपिट में पहुंच गई थी पायलट की महिला मित्र
■ एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली उड़ान में हुई थी यह घटना
■ डीजीसीए ने कहा, नहीं दिख रही केबिन क्रू सदस्यों की कोई भूमिका लेकिन पूरे केबिन क्रू की सेवाएं रोकी गईं

नई दिल्ली (भाषा)।

इस वर्ष फरवरी में एयर इंडिया की दुबई-दिल्ली उड़ान के दौरान एक पायलट के महिला मित्र को कॉकपिट में जाने की अनुमति देने की घटना की जांच कर रहे नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन को जांच पूरी होने तक उस पूरे परिचालक दल से सेवाएं नहीं लेने का निर्देश दिया है।

यह घटना 27 फरवरी को हुई थी और दुबई-दिल्ली उड़ान के चालक दल के एक सदस्य ने डीजीसीए से इस पूरी घटना की शिकायत करते हुए इसकी जांच की मांग की थी। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया इस मामले में केबिन क्रू की कोई भूमिका नहीं दिख रही है लेकिन जांच पूरी होने तक विमान के पूरे परिचालक दल की सेवा निलंबित रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि संबंधित पायलट को अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। पायलट और अन्य सदस्यों के बयान आदि लिए जाने के बाद जब जांच पूरी कर ली जाएगी तब ही इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा। लेकिन तब तक समूचे परिचालक दल की सेवाएं पूरी तरह रोक दी गई हैं।

एसएफआईओ ने लागू कीं हैं विभिन्न मानक संचालन प्रक्रियाएं

नई दिल्ली (भाषा)।

वित्तीय अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) ने अपने कामकाज को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) लागू की हैं।

कारपोरेट मामलों के मंत्रालय ने अपने मासिक पुस्तिका में इस बात पर जोर दिया कि कारपोरेट कंपनियों को संगठन के भीतर धोखाधड़ी पर रोक लगाने के लिए प्रभावी नियंत्रण एवं कामकाज के संचालन की रूपरेखा का क्रियान्वयन करना चाहिए। मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन आने वाले एसएफआईओ ने बीते वित्त वर्ष में 24 मार्च तक 145 कंपनियों के खिलाफ 23 मामलों की जांच रिपोर्ट जमा करवाई है। वहीं 2021-22 के दौरान उसने 29 कंपनियों से संबंधित 13 मामलों की रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी थी।

मंत्रालय ने बताया कि एसएफआईओ की क्षमता बढ़ाई गई है और जांच एजेंसी ने अपने कामकाज को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न मानक संचालन प्रकियाओं को लागू किया है और नोटिस तथा समन में पारदर्शिता लाने के लिए कदम उठाए है। उसने आगे कहा, 'एसएफआईओ ने वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के अपने प्रयास जारी रखे है। इस दौरान एजेंसी ने चीन की वाणिज्यिक इकाइयों द्वारा की गई धोखाधड़ी के मामलों की भी जांच की है।

मौसमी दिक्कतों से बढ़ी है महंगाई : सीतारमण

■ स्थिति पर सरकार की नजर ■ कीमतें घटाने के प्रयास जारी

कलबुर्गी (कर्नाटक), (भाषा)।

■ ईंधन के दामों में कमी ला चुकी है सरकार
■ जरूरी हुआ तो अनाज का स्टाक जारी होगा
■ हाल में जारी किया गया है चावल का स्टाक

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आपूर्ति से जुड़ी मौसमी समस्याओं के कारण महंगाई बढ़ी है और जरूरी सामान की कीमतों में नरमी लाने के प्रयासों के साथ उस पर लगातार नजर रखी जा रही है।

सीतारमण ने ईंधन और प्राकृतिक गैस के दाम में कमी लाने के प्रयासों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश में इनका आयात किया जाता है और कोविड तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण वैश्विक बाजारों में ईंधन के दाम ऊंचे हैं।

उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'प्रधानमंत्री ने नवम्बर, 2021 में स्वयं ईंधन पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कटौती का निर्देश हमें दिया था। इसके कारण दीपावली के दौरान इस बारे में घोषणा की गई। उसके बाद जून, 2022 में फिर हमने उत्पाद शुल्क में कटौती की। इन सब कारणों से ईंधन के दाम में कुछ हद तक नरमी आई।' महंगाई और उसे नीचे लाने के उपायों के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, 'लेकिन जब हम ईंधन या प्राकृतिक गैस के बारे में बात करते है, हमें एक चीज समझने की जरूरत है। इन उत्पादों का आयात किया जाता है और खासकर कोविड महामारी तथा उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध से कीमतें तेज हुई है और इसके बावजूद आयात जारी है। केंद्र के स्तर पर हमने इसके दाम में कमी लाने के लिए उत्पाद शुल्क में कटौती की है।'

उन्होंने कहा कि मंत्रियों का समूह जरूरी सामान और उनकी कीमतों पर नजर रखता है। परिस्थिति के अनुसार अतिरिक्त स्टाक जारी किया गया। 'जब चावल के दाम में तेजी आई, हमने बफर स्टाक से चावल जारी किया।' सीतारमण ने कहा, 'केंद्र सरकार कीमतों को नीचे लाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। यही कारण है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से घटकर 5.8 प्रतिशत पर आई है। मौसमी स्तर पर आपूर्ति संबंधी समस्याओं के कारण महंगाई बढ़ी है, जिसपर लगातार नजर रखी जा रही है तथा उसे नीचे लाने के उपाय किये जा रहे है।' उन्होंने पार्टी की आलोचना को लेकर कांग्रेस तथा उसके नेता सिद्धरमैया पर पलटवार भी किया। सिद्धरमैया ने भाजपा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर उनके इस बयान के लिए निशाना साधा था कि 10 मई का विधानसभा चुनाव कर्नाटक का भविष्य नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंपने को लेकर है। उन्होंने पूछा था कि क्या सत्तारूढ़ दल इतना दिवालिया है कि राज्य में उसे ऐसा कोई कन्नड़ नेता नहीं दिखता, जो राज्य के भविष्य को देख सके।

चुनौतियों से निपटने को एससीओ सदस्यों के बीच अधिक सहयोग की जरूरत : भारत

गोवा (भाषा)। भारत ने बुधवार को कहा कि खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्यों के बीच अधिक सहयोग की जरूरत है। एससीओ अंतरबैंक गठबंधन (आईबीसी) की परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा कि उपरोक्त चुनौतियां के असर को कम करने के लिए भारत के योगदान के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक मिशन 'लाइफ' शुरू किया है जिसका मतलब है 'लाइफस्टाइल फॉर एन्वायर्नमेंट'।

जोशी ने कहा कि 'लाइफ' का अर्थ यहां ऐसी चक्रीय अर्थव्यवस्था से है जिसमें संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा, 'आज, जब दुनिया में आर्थिक मंदी का खतरा मंडरा रहा है ऐसे में एससीओ के सदस्य देशों के बीच करीबी सहयोग की खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा चिंताओं जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में अहम भूमिका हो सकती है।'

उन्होंने कहा कि 'कम दोहन, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण' की अवधारणा तथा चक्रीय अर्थव्यवस्था भारतीय जीवनशैली का हमेशा से हिस्सा रही है और यह प्रकृति के साथ मिलकर चलने के लिए प्रेरित करती है। इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी के एमडी पीआर जयशंकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि एससीओ आईबीसी के तहत सहयोग के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे पर ध्यान देते हुए परियोजनाओं का क्रियान्वयन, मूल उद्योग, उच्च-प्रौद्योगिकी वाले उद्योग, निर्यातोन्मुख क्षेत्र और सामाजिक परियोजनाओं के साथ अन्य साझा हित वाले क्षेत्र शामिल है।

शेयरों में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 170 अंक चढ़ा

मुंबई (भाषा)।

वैश्विक बाजार में कमजोरी के रुख के बीच स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को कुछ चुनिंदा शेयरों में जोरदार लिवाली से मानक सूचकांक लगातार तीसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 169.87 अंक यानी 0.28 प्रतिशत चढ़कर 60,300.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 232.08 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 44.35 अंक यानी 0.25 प्रतिशत बढ़त के साथ 17,813.60 अंक पर पहुंच गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी बड़ी कंपनियों में मांग आने से कारोबारी गतिविधियां तेज रहीं। हालांकि, विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से तेजी की रफ्तार पर असर पड़ा। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावरग्रिड, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग चढ़कर बंद हुआ जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे। एक दिन पहले अमेरिकी बाजारों में बड़ी गिरावट आई थी।

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजारों से पूंजी की निकासी जारी रखी है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों ने मंगलवार को 407.35 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

बार्नविटा से जुड़े भ्रामक विज्ञापन हटाने के निर्देश

■ इस उत्पाद के विज्ञापनों में शूगर की मात्रा को लेकर शुरू हो गया है विवाद

■ सोशल मीडिया पर एक वीडियो में कहा गया कि बार्नविटा में ज्यादा है शूगर की मात्रा

नई दिल्ली (भाषा)।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने विख्यात ब्रांड बॉर्नविटा में शुगर की मात्रा को लेकर खड़े हुए विवाद की पृष्ठभूमि में इस ब्रांड की निर्माता कंपनी 'मोंडेलेज इंटरनेशनल' से कहा है कि वह इससे जुड़े 'भ्रामक' विज्ञापन को हटाए।

उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो में दावा किया गया कि है बॉर्नविटा में शूगर की मात्रा बहुत अधिक है जिससे बच्चों की सेहत पर बुरा असर हो सकता है। एनसीपीसीआर ने बॉर्नविटा का स्वामित्व रखने वाली कंपनी को भेजे नोटिस में कहा है कि वह सात दिनों के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण या रिपोर्ट दे। आयोग का कहना है कि उसके पास शिकायत आई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि बॉर्नविटा खुद को बच्चों की सेहत के लिए फायदेमंद हेल्थ ड्रिंक के तौर पर प्रचारित करता है, लेकिन उसमें शुगर की अधिक मात्रा है और कुछ अन्य सामग्री भी हैं जिनसे बच्चों की सेहत पर असर हो सकता है।

उसने 'मोंडेलेज इंटरनेशनल' की भारत इकाई के प्रमुख दीपक अय्यर को भेजे नोटिस में कहा है कि विज्ञापन भ्रामक है। एनसीपीसीआर ने विज्ञापनों को हटाने के लिए कहा है।

हरित हाइड्रोजन, अमोनिया उपक्रमों के वित्तपोषण के लिए अवादा ने किया करार

नई दिल्ली (भाषा)।

एकीकृत ऊर्जा मंच अवादा ग्रुप ने ब्रुकफील्ड रिन्यूएबल और द ग्लोबल पावर सिनर्जी पब्लिक कंपनी लिमिटेड (जीपीएससी) से 1.07 अरब डालर का वित्तपोषण जुटाने के लिए करार किया है।

कंपनी इन पूंजी का उपयोग भारत में अपने हरित हाइड्रोजन और हरित अमोनिया उपक्रमों के वित्तपोषण पर करेगी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि ब्रुकफील्ड रिन्यूएबल अपने ब्रुकफील्ड ग्लोबल ट्रांजिशन फंड (बीजीटीएफ) के जरिए अवादा वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड में एक अरब डालर तक का निवेश करेगी। बयान में कहा गया है कि जीपीएससी अवादा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में 6.8 करोड़ डॉलर का निवेश करेगी।

इस्मा ने चीनी उत्पादन अनुमान घटाकर 328 लाख टन किया

नई दिल्ली (भाषा)।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने सितम्बर में समाप्त होने वाले चालू विपणन वर्ष के लिए देश में चीनी उत्पादन के अपने अनुमान को 3.5 प्रतिशत घटाकर 328 लाख टन कर दिया है। पहले चीनी उद्योग निकाय ने 340 लाख टन चीनी के उत्पादन का अनुमान लगाया था।

विपणन वर्ष 2022-23 (अक्टूबर-सितम्बर) में महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 121 लाख टन के पहले के अनुमान से घटकर 105 लाख टन तक रहने के कारण कुल चीनी उत्पादन अनुमान में संशोधन किया गया है। प्रदेश में गन्ना पेराई सत्र समाप्त हो गया है। एसोसिएशन ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'एथनॉल उत्पादन के लिए करीब 40 लाख टन गन्ना शीरे के इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए इस्मा ने 2022-23 के लिए अपने अखिल भारतीय चीनी उत्पादन अनुमान को संशोधित कर 328 लाख टन कर दिया है।'

जनवरी में, इस्मा ने एथनॉल के लिए 45 लाख टन गन्ना शीरे के इस्तेमाल को ध्यान में रखने के बाद

340 लाख टन चीनी उत्पादन का अनुमान लगाया था। वर्ष 2021-22 में एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के उपयोग के बाद चीनी उत्पादन 358 लाख टन रहा था। इस्मा ने कहा, 'महाराष्ट्र में पेराई सत्र लगभग 105 लाख टन पर समाप्त हो गया है, जो हमारे पहले के अनुमान से कम है। अप्रत्याशित रूप से गन्ने की कम पैदावार का कारण पेड़ी (गन्ने की कटाई के बाद नीचे का बचा हुआ हिस्सा) फसल की अधिक हिस्सेदारी और वर्षा का असमान वितरण है।'

उत्तर प्रदेश में 2022-23 के लिए चीनी उत्पादन को पहले के अनुमानित 101 लाख टन से संशोधित कर 105 लाख टन कर दिया गया है। कर्नाटक में भी उत्पादन 2022-23 में पूर्व के 56 लाख टन के अनुमान से बढ़ाकर 57 लाख टन किया गया है।

इस्मा ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि सितम्बर में समाप्त विपणन वर्ष 2022-23 में 15 अप्रैल तक चीनी उत्पादन छह प्रतिशत घटकर 311 लाख टन रह गया है, जिसका मुख्य कारण महाराष्ट्र में कम उत्पादन होना है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में चीनी उत्पादन 328.7 लाख टन था।

आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन एक अक्टूबर, 2022 से 15 अप्रैल, 2023 तक बढ़कर 96.6 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 94.4 लाख टन था।

सिंपल एनर्जी अगले महीने बाजार में उतारेगी ई-स्कूटर

मुंबई (भाषा)।

दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी सिंपल एनर्जी ने बुधवार को कहा कि वह अपने पहले ई-स्कूटर 'सिंपल वन' को अगले महीने बाजार में उतारेगी। हालांकि, इस वाहन की आपूर्ति कब शुरू होगी इस बारे में उसने कोई जानकारी नहीं दी।

इससे पहले भी ईवी स्टार्टअप सिंपल एनर्जी ने आपूर्ति कार्यक्रम में बदलाव किए थे। पिछले वर्ष अक्टूबर में उसने कहा था कि इस स्कूटर की डिलीवरी मार्च तिमाही में होगी। सिंपल एनर्जी ने बयान में कहा, 'सिंपल वन 23 मई को बेंगलुरु में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही कंपनी भारत में दोपहिया इलेक्ट्रिक वाहनों के बाजार में हलचल मचाना चाहती है।'

चेन्नई हैट्रिक जीत से उत्साहित, राजस्थान घर में देगा कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पिछले दो मैचों में हार से पस्त राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वापसी करने की उम्मीद से मैदान पर उतरेगा। लगातार तीन जीत से उत्साह से ओतप्रोत महेंद्र सिंह धोनी की टीम से पार पाना आरआर के लिए आसान नहीं होगा।

रुतुराज गायकवाड़, डेवोन कॉन्वे, अजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे की शानदार बल्लेबाजी से चेन्नई ने पिछले तीन मैचों में आसान जीत दर्ज की। ऐसे में इस मैच में चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों और राजस्थान के विश्वस्तरीय स्पिनरों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है।

फार्म में कॉन्वे-रहाणे

कॉन्वे ने इस सत्र में अभी तक शानदार बल्लेबाजी करके सात मैचों में 314 रन बनाए हैं जबकि अजिंक्य रहाणे के आक्रामक तेवर सभी टीमों पर भारी पड़ रहे हैं। उन्होंने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ केवल 29 गेंदों पर नाबाद 71 रन की तेजतर्रार पारी खेली थी। रहाणे अभी तक पांच मैचों में 209 रन बना चुके हैं और उनका स्ट्राइक रेट 199.04 है।

रॉयल्स जीता पर अब बदला गणित

रॉयल्स के लिए यह राहत की बात है कि उसने इस सत्र में चेन्नई के खिलाफ पिछला मैच जीता था। उस मैच में भी धोनी ने एक समय चेन्नई को जीत के करीब पहुंचा दिया था लेकिन आखिर में उनकी टीम को घरेलू दर्शकों के सामने तीन रन से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन तब से लेकर चीजें काफी बदल चुकी हैं तथा चेन्नई पांच जीत से 10 अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच चुका है। सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुरुवार को होने वाले मैच में जीत से उसने प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को मजबूती मिलेगी। इसके लिए वहां राजस्थान को उसके घरेलू मैदान पर हराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

दो मैचों में हार से निराश

लगातार दो मैचों में हार से राजस्थान अपनी टीम का अभियान वापस पटरी पर लाने के लिए बेताब होगा और चेन्नई की मजबूत टीम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेगा। यदि राजस्थान को चेन्नई को हराना है तो उसके चोटी के बल्लेबाजों जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

स्पिनरों की भूमिका महत्वपूर्ण

पिच से स्पिनरों को मदद मिलने की उम्मीद है और ऐसे में राजस्थान के स्टार स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी। राजस्थान रॉयल्स भले ही अपने घरेलू मैदान पर खेल रहा होगा लेकिन इस बात की पूरी संभावना है कि दर्शकों से धोनी को अपार समर्थन मिलेगा जैसे कि कुछ दिन पहले कोलकाता में हुआ था। माना जा रहा है कि धोनी अंतिम बार आईपीएल में खेल रहे हैं।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
चेन्नई	7	5	2	10
गुजरात	7	5	2	10
राजस्थान	7	4	3	8
लखनऊ	7	4	3	8
बेंगलोर	8	4	4	8
पंजाब	7	4	3	8
कोलकाता	8	3	5	6
मुंबई	7	3	4	6
हैदराबाद	7	2	5	4
दिल्ली	7	2	5	4

औरेंज कैप
डु प्लेसिस
422 रन

पर्पल कैप
राशिद खान
14 विकेट

खबर संक्षेप

रोहित को आईपीएल से दें थोड़ा आराम

नई दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस और भारत के कप्तान रोहित शर्मा को मौजूदा आईपीएल से थोड़े समय के लिए विश्राम लेना चाहिए ताकि वह जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खुद को तरोताजा रख सकें। गावस्कर ने कहा कि रोहित मुंबई इंडियंस के आईपीएल अभियान के दौरान आखिरी तीन चार मैचों में वापसी कर सकते हैं ताकि वह डब्लूटीसी फाइनल के लिए लय में रहें। डब्ल्यूटीसी फाइनल सात जून से लंदन के ओवल में शुरू होगा जबकि आईपीएल का फाइनल 28 मई को खेला जाएगा।

क्रिकेटरों को लुभाने बीबीएल ने बदले नियम

मेलबर्न। बिग बैश टी20 लीग में अधिक सितारा क्रिकेटरों को लुभाने के लिए क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने वेतन की सीमा बढ़ा दी है और अनुबंध के नियमों में भी बदलाव किया है। पुरषों की बिग बैश लीग में सभी आठ फ्रेंचाइजी को 13वें सत्र के लिए कम से कम छह खिलाड़ियों को न्यूनतम दो लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर रिटेनर पर अनुबंधित करना होगा। स्टार खिलाड़ियों की एक पूरक सूची भी बनाई जाएगी जो चोटों या अन्य व्यस्तताओं के कारण सत्र की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे लेकिन सत्र के दौरान खेल सकेंगे।

हम अर्जुन की रफ्तार बढ़ाने पर करेंगे काम

अहमदाबाद। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा है कि वह अर्जुन तेंदुलकर की गेंदों की गति बढ़ाने पर काम करेंगे जो अभी लगभग 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। बॉन्ड ने कहा, 'पिछले मैच में जो कुछ हुआ उसके बाद उसने अच्छी गेंदबाजी की। इतने अधिक दर्शकों के सामने खेलना आसान नहीं होता है। हम उसकी रफ्तार बढ़ाने पर काम करेंगे लेकिन आज हमने उससे जैसा कहा था उसने वैसा ही किया।'

आईपीएल : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 21 रन से हराया

चार हार के बाद जीता कोलकाता

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को 21 रन से हराकर लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा। नाइट राइडर्स के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम कप्तान विराट कोहली के अर्धशतक के बावजूद आठ विकेट पर 179 रन ही बना सकी। नाइट राइडर्स ने इससे पहले जेसन रॉय और कप्तान नितीश राणा की पारियों से पांच विकेट पर 200 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी की शुरुआत खराब रही और टीम ने पावर प्ले में 58 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे कप्तान फाफ डुप्लेसी (17) ने उमेश यादव पर लगातार दो छक्के मारे लेकिन सुयश की गेंद को बाउंड्री पर रिंकू सिंह के हाथों में खेल गए। कप्तान कोहली हालांकि एक छोर पर डटे रहे। कप्तान विराट कोहली ने कॅरियर का 49वां अर्धशतक जमाया। उन्होंने 37 गेंद पर 57 रन की पारी खेली। मौजूदा सीजन में विराट कोहली का यह 5वां अर्धशतक है।

कोहली का सत्र का 5वां और कॅरियर का 49वां अर्धशतक

80 रन की पार्टनरशिप की

विजय कुमार वैशाख ने 2 विकेट लेकर कोलकाता को बैकफुट पर धकेला, लेकिन यहां से कप्तान नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर ने पार्टनरशिप कर टीम को 150 के पार पहुंचाया। दोनों ने 44 गेंदों पर 80 रन की पार्टनरशिप की। राणा 21 गेंदों में 48 रन बनाकर आउट हुए, तब ये पार्टनरशिप टूटी।

रॉय का चौथा अर्धशतक

जेसन रॉय ने 22 बॉल पर अर्धशतक पूरा किया। यह रॉय का मौजूदा सीजन में दूसरा अर्धशतक है। ओवरऑल कॅरियर की बात करें तो यह उनकी चौथी फिफ्टी है।

स्कोर बोर्ड

कोलकाता नाइट राइडर्स	रन	गेंद	4	6
जेसन रॉय बो विशाख	56	29	4	5
जगदीशन का बिली बो विशाख	27	29	4	0
वेंकटेश का मैक्सवेल बो हसरंगा	31	26	3	0
राणा का विशाख बो हसरंगा	48	21	3	4
आंद्रे रसेल बो सिराज	01	02	0	0
रिंकू सिंह नाबाद	18	10	2	1
डेविड वाइसी नाबाद	12	03	0	2

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 200/5
गेंदबाजी : सिराज 4-0-33-1, बिली 3-0-31-0, हसरंगा 4-0-24-2, शहबाज 1-0-25-0, विशाख 4-0-41-2, हर्षल 4-0-44-0.

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर	रन	गेंद	4	6
कोहली का अय्यर बो रसेल	54	37	6	0
डुप्लेसी का रिंकू बो सुयश	17	07	1	2
अहमद घाबाधा बो सुयश	02	05	0	0
मैक्सवेल बो वाइसी का कप्तानी	05	04	1	0
लोमरोर का रसेल बो कप्तानी	34	18	1	3
कार्तिक का रिंकू बो कप्तानी	22	18	1	1
सुयश प्रभुदेसाई रन आउट	10	09	1	0
हसरंगा का स्थानापन्न बो रसेल	05	04	0	0
डेविड बिली नाबाद	11	10	1	0
विजयकुमार विशाख नाबाद	13	08	0	1

अतिरिक्त : 06, कुल : 20 ओवर में 179/8
गेंदबाजी : अरोड़ा 2-0-22-0, उमेश 1-0-19-0, सुयश 4-0-30-2, चक्रवर्ती 4-0-27-3, रसेल 4-0-29-2, नारायण 4-0-41-0, राणा 1-0-8-0.

चैपमैन, इफ्तिखार कॅरियर की सर्वोच्च रैंकिंग पर, शीर्ष पर सूर्या

एजेंसी ▶▶ दुबई

न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद पांच मैचों की श्रृंखला खत्म होने के बाद आईसीसी टी20 पुरुषों की रैंकिंग में कॅरियर की सर्वोच्च पायदान पर पहुंच गए। सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में शीर्ष पर हैं और शीर्ष दस में अकेले भारतीय हैं।

श्रृंखला में सर्वाधिक 290 रन बनाने वाले चैपमैन ने 48 पायदान की छलांग लगाकर 35वें स्थान पर कब्जा किया। इससे पहले वह फरवरी 2018 में 54वें स्थान पर पहुंचे थे। आखिरी मैच में 36 रन बनाने वाले इफ्तिखार छह पायदान चढ़कर 38वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद रिजवान दूसरे और बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं। इफ्तिखार इससे पहले पिछले साल नवंबर में 43वें स्थान पर पहुंचे थे।

न्यूजीलैंड के चाड बोवेस 82 पायदान चढ़कर 118वें स्थान पर हैं जबकि ईश सोढ़ी गेंदबाजी में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के हरफनमौला इमाद वसीम बल्लेबाजों की रैंकिंग में 15 पायदान चढ़कर 127वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में 120 पायदान ऊपर 93वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारत ने नेपाल पर जीत से बराबरी की श्रृंखला

पोखरा। सिमु दास और फूला सारेन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने नेपाल को नौ विकेट से हराकर महिलाओं की द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला में 1-1 से बराबरी की। नेपाल ने मंगलवार को पहला मैच जीता था। नेपाल के खिलाफ इस श्रृंखला के लिए भारतीय टीम पहली बार बनाई गई है। सिमु को प्लेयर आफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच शुक्रवार को काठमांडू में खेला जाएगा। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 172 रन बनाए। जवाब में भारत ने 14.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सिमु ने 66 और फूला ने 65 रन की नाबाद पारियां खेली।

करुणारत्ने-मधुशंका के शतक, श्रीलंका 350 पार

एजेंसी ▶▶ गॉल

सलामी बल्लेबाजों दिमुथ करुणारत्ने और निशान मधुशंका ने रिकॉर्ड साझेदारी के साथ शतक जड़े जिससे श्रीलंका ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को यहां एक विकेट पर 357 रन बनाए।

कप्तान करुणारत्ने दिन के खेल के दौरान आउट होने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। वह लंच से ठीक पहले कर्टिस कैंफर की गेंद पर पवेलियन लौटे। उन्होंने 133 गेंद में 15 चौकों से 115 रन बनाए। करुणारत्ने के आउट होने के बाद मधुशंका (नाबाद 149) और कुसाल मेंडिस (नाबाद 83) ने दिन के खेल के दौरान आयरलैंड को और सफलता हासिल नहीं करने दी। दोनों दूसरे विकेट के लिए 129 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। भारी बारिश के कारण चाय के विश्राम से कुछ समय पहले खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। मधुशंका ने 234 गेंद की अपनी पारी में 18 चौके और एक छक्का मारा है जबकि मेंडिस की 96 गेंद की पारी में सात चौके और पांच छक्के शामिल हैं।

मधुशंका का पहला शतक

चौबीस साल के मधुशंका ने हैरी टेक्टर पर डीप मिड विकेट पर चौके के साथ जब अपना पहला शतक पूरा किया तो कप्तान ने उन्हें गले लगा लिया। मधुशंका हालांकि 131 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब आयरलैंड के कप्तान एंड्री बालबिर्नी ने ऑफ स्पिनर एंडी मैकबिर्नी की गेंद पर पहली स्लिप में उनका आसान कैच टपका दिया।

करुणारत्ने की 16वीं सेंचुरी

करुणारत्ने ने सिर्फ 116 गेंद में शतक पूरा किया जो उनके करियर का 16वां और श्रृंखला का दूसरा शतक है। यह उनके कॅरियर का सबसे तेज शतक भी है। इससे पहले 2021 में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में 123 गेंद में शतक जड़ा था। करुणारत्ने ने मधुशंका के साथ पहले विकेट के लिए 228 रन जोड़ जो गॉल में पहले विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। इस जोड़ी ने 2000 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाए सनथ जयसूर्या और मर्वन अटापट्टू के रिकॉर्ड को तोड़ा।

टैटी के चार गोल से जीता गिरोना

मैड्रिड। टैटी कैस्टेलानोस के चार गोल की मदद से गिरोना ने रियल मैड्रिड को 4-2 से पराजित करके बार्सिलोना की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की उम्मीदों को पंख लगा दिए। अर्जेंटीना के 24 वर्षीय खिलाड़ी कैस्टेलानोस ने दोनों हाफ में दो-दो गोल किए। उन्होंने 12वें, 24वें, 46वें और 62वें मिनट में गोल किए और दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। रियल मैड्रिड की तरफ से वीनीसीयस जूनियर और लुकास वाजेज ने गोल किए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। रियाल मैड्रिड के अब 31 मैचों में 65 अंक हैं और वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर है। बार्सिलोना उससे 11 अंक आगे है लेकिन उसने अपने इस चिर प्रतिद्वंदी से एक मैच कम खेला है।

ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम चीन के हांगझू में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी।

भारतीय टीम का यह दौरा 18 मई को शुरू होकर 27 मई को समाप्त होगा। भारतीय टीम पहले तीन मैचों में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय टीम का सामना करेगी जबकि अंतिम दो मैच ऑस्ट्रेलिया ए टीम से खेलेगी। सभी मैच एडिलेड में खेले जाएंगे। भारत अपना पहला मैच 18 मई को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगा जबकि इसके बाद अगले दो मैच 20 और 21 मई को खेले जाएंगे।

25 मई को पहला मैच

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए से 25 और 27 मई को मैच खेलेगी। ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम अभी विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है जबकि भारतीय टीम आठवें स्थान पर है। भारतीय टीम का यह दौरा एशियाई खेलों की तैयारी के सिलसिले में आयोजित किया जाएगा जिनका आयोजन इस साल सितंबर अक्टूबर में होना है।

सिंधू, श्रीकांत, त्रिसा और गायत्री प्री क्वार्टर फाइनल में, सेन बाहर

दुबई। भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन एशिया बैडमिंटन चैम्पियनशिप में बुधवार को पहले दौर से बाहर हो गए जबकि ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और किदाम्बी श्रीकांत आसान जीत के साथ प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जोड़ी त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इंडोनेशिया की लैनी त्रिया मायासारी और रिबका सुगिआर्तो को 17-21, 21-17, 21-18 से मात देकर अंतिम 16 में जगह बनाई। मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने चीनी ताइपे की वेन चि सू को 21-15, 21-20 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज चीन की हान यूइ से होगा। विश्व चैंपियनशिप में पूर्व रजत पदक विजेता किदाम्बी श्रीकांत ने अदनान इब्राहिम को 21-13, 21-8 से हराया।

सरकार दोनों योजनाओं के तहत खिलाड़ियों को देती है वित्तीय सहायता

टॉप्स, खेलो इंडिया के चलते पैसों की चिंता नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की स्टार मुक्केबाज निकहत जरीन का मानना है कि टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना और खेलो इंडिया कार्यक्रम से काफी बदलाव आया है और अब खिलाड़ी पैसे की चिंता किए बिना अपने खेल पर फोकस कर सकते हैं।

टॉप्स और खेलो इंडिया कार्यक्रम केंद्र सरकार ने क्रमशः 2014 और 2018 में शुरू किए थे। सरकार इन दोनों योजनाओं के तहत खिलाड़ियों का वित्तपोषण करती है। निकहत ने मन की बात के सौ एपिसोड पूरे होने पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान परिचर्चा में कहा, 'जब हम भारत के लिए खेलते हैं तो अपना पैसा खर्च करना होता है लेकिन टॉप्स से सब कुछ बदल गया। अब हम अपने खेल और पदक जीतने पर फोकस कर सकते हैं। जब मैने मुक्केबाजी शुरू की तो बहुत प्रतिस्पर्धाएं नहीं थी। एक खिलाड़ी को वित्तीय सहयोग की सबसे ज्यादा जरूरत होती है जो खेलो इंडिया से मिला। प्रधानमंत्री जी ने इस योजना के जरिए खिलाड़ियों की काफी मदद की है और खेलो इंडिया में महिलाओं ने कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़े हैं। यह महिलाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरणास्रोत और उत्साहवर्धक है। सिर्फ एक खिलाड़ी समझ सकता है जब वह खराब दौर से जूझ रहा होता हे। मैं जब चोटिल थी और एक साल तक खेल नहीं सकी थी तो लोग ताना मारते थे कि उसका कॅरियर खत्म हो गया है लेकिन मैने वापसी की। मोदीजी हमें जीतने पर ही बधाई नहीं देते बल्कि प्रतिस्पर्धा के लिए हौसलाअफजाई करते हैं।'

पीएम ने दिया सम्मान

रियो पैरालम्पिक की रजत पदक विजेता दीपा मलिक ने 'चाय पर चर्चा' में प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत को याद करते हुए कहा कि कैसे मोदी ने 'दिव्यांग' शब्द के प्रयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'उन्होंने 2015 में हमारे लिए दिव्यांग शब्द के प्रयोग का प्रस्ताव रखा। सोशल मीडिया पर काफी बहस हुई लेकिन उन्होंने कहा कि अक्षमता से परे क्षमता पर फोकस करें।'

एमसीडी में शैली ओबेराय की ही चलेगी सरकार

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली मेयर चुनाव में बुधवार को एक बड़ा उलट-फेर देखने को मिला। भाजपा की मेयर उम्मीदवार शिखा राय और वहीं डिप्टी मेयर पद की उम्मीदवार सोनी पांडेय ने वोटिंग से ऐन पहले ही मैदान छोड़ दिया, जिससे आप की प्रत्याशी शैली ओबरॉय निर्विरोध मेयर चुन ली गईं। वहीं, आले मोहम्मद इकबाल भी निर्विरोध डिप्टी मेयर चुन लिए गए हैं। चुनाव में हिस्सा लेने के लिए सदन में पहुंचीं भाजपा उम्मीदवारों शिखा राय और सोनी पांडेय ने वोटिंग से पूर्व ही अपना नाम चुनाव से वापस ले लिए। इसके बाद आप की प्रत्याशी शैली ओबरॉय को मेयर निर्वाचित घोषित किया गया। नाम वापस लेने के दौरान शिखा राय ने कहा कि निगम की स्थायी समिति को बनने दें।

उत्तराखंड के मंत्री चंदनराम दास का आकस्मिक निधन

नैनीताल, (एजेंसी)। उत्तराखंड सरकार के परिवहन मंत्री चंदन रामदास का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया है। बागेश्वर जिला अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। बताया जा रहा है कि श्री दास पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी बुधवार सुबह अचानक तबियत बिगड़ी और उन्हें बागेश्वर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां कुछ समय बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें बुधवार को जिला योजना की बैठक में भाग लेना था। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी जिला योजना की बैठक में भाग लेने के लिये बागेश्वर पहुंचे थे।

विद्या बालन को मिला लता दीनानाथ मंगेशकर अवार्ड

मुंबई, (एजेंसी)। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन, लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार मिलने पर भावुक हो गई। विद्या बालन लता मंगेशकर की बहुत बड़ी फैन हैं। लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार मिलने पर विद्या बालन भावुक हो गयीं। विद्या बालन ने बताया कि उन्होंने आज लता जी की गिफ्ट में दी गई साड़ी पहनी है। एक नई अभिनेत्री के रूप में मैं लता दीदी को एक कार्यक्रम में बहुत प्यार से देख रही थी। बाद में मैंने उन्हें कॉल करने की हिम्मत जुटाई। मैंने फोन पर उनकी दिव्य आवाज सुनी, उन्होंने मेरे लिए घर पर एक साड़ी भेजी और यह मेरे लिए वरदान था।

सच सामने लाने फैजान का शव कब्र से निकाला जाए

कोलाकाता, (एजेंसी)। आईआईटी खड़गपुर के स्टूडेंट के सुसाइड को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने बुधवार को कहा है कि सच सामने लाने के लिए स्टूडेंट का शव कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमॉर्टम किया जाना बेहद जरूरी है। कोर्ट ने इसके लिए जांच अफसरों को एक महीने का समय दिया है। 23 साल का फैजान पिछले साल 14 अक्टूबर को अपने होस्टल के कमरे में मृत पाया गया था। कॉलेज अथॉरिटी ने कहा था कि यह सुसाइड है, जबकि छात्र के परिवार का दावा था कि उसकी हत्या की गई है। परिवार ने फैजान का शव का दूसरा पोस्टमॉर्टम कराने के कोर्ट के आदेश को मान लिया है। असम से शव लाकर कोलकाता पुलिस को सौंपा जाएगा।

सिडनी में 24 मई को होगी क्वाड लीडर्स की समिट

नई दिल्ली, (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में 24 मई को क्वाड लीडर्स समिट का आयोजन होगा और इस बीच ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि वह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित क्वाड के अपने सभी समकक्षों का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। ऑस्ट्रेलिया पहली बार क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले इस शिखर सम्मेलन का आयोजन मई 2022 में जापान की राजधानी टोक्यो में हुआ था। यह क्वाड लीडर्स का तीसरा इन-पर्सन समिट होगा। क्वाड लीडर्स समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा भी उपस्थिति रहेंगे।

आज का इतिहास

- **1526:** मुगल शासक बाबर, इब्राहिम लोदी को पराजित कर दिल्ली का बादशाह बना।
- **1606:** शाहजादा खुसरो को बादशाह जहांगीर ने गिरफ्तार किया। खुसरो ने 6 अप्रैल को बगावती ऐलान किया था।
- **1662:** नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।
- **1748:** मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ली में निधन।
- **1878:** कलकत्ता विवि ने विवि शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं की पात्रता को मंजूरी।
- **1908:** लंदन में चौथा ओलंपिक खेल शुरू किया गया।
- **1912:** सांकेतिक हावभाव, चेहरे पर बच्चों जैसा जुड़वां, जीने से भरपूर, थिएटर और फिल्मों की महान अदाकारा जोहरा सहगल का जन्म।
- **1941:** जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया।

शाही तैयारी

चार्ल्स तृतीय और उनकी पत्नी, कैमिला का ब्रिटेन के राजा और रानी के रूप में राज्याभिषेक शनिवार, 6 मई 2023 को वेस्टमिंस्टर एब्बे में होने वाला है। चार्ल्स अपनी मां एलिजाबेथ द्वितीय की मृत्यु के बाद आठ सितंबर 2022 को यूनाइटेड किंगडम के राजा बने थे। किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक से पहले लंदन आई का एक पॉड जिसे वेस्टमिंस्टर एब्बे के लघु संस्करण में बदल दिया गया है। कैप्सूल देखने वाले लोगों को पॉड की कोरोनेशन चेयर पर बैठने और क्राउन ज्वेल्स की प्रतिकृतियां रखने का मौका मिलेगा।

ऑपरेशन कावेरी के तहत हिंसाग्रस्त सूडान से पहला विमान आया

खुशी: 360 भारतीयों को ले जेद्दा से दिल्ली आई फ्लाइट

नई दिल्ली, (एजेंसी) हिंसाग्रस्त सूडान से भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए सरकार की ओर से शुरू किए गए 'ऑपरेशन कावेरी' के तहत बुधवार को 360 लोगों को जेद्दा से रवाना किया गया विमान रात करीब 9 बजे दिल्ली पहुंच गया है। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने विमान को जेद्दा से रवाना करने के बाद अपने ट्वीट में कहा कि ऑपरेशन कावेरी के तहत 360 भारतीय नागरिक नई दिल्ली आने के लिए जेद्दा हवाई अड्डे से रवाना हो गए हैं और वे जल्द ही अपने परिजनों के साथ दोबारा मिल सकेंगे।

सूडान में फंसे नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन कावेरी: सूडान की राजधानी खार्तूम में सूडानी सेना और अर्द्धसैनिक समूहों के बीच जंग तेज होने के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को जानकारी दी थी कि युद्धग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए सरकार की ओर से ऑपरेशन कावेरी की शुरुआत की गई है। ऑपरेशन कावेरी नाम से सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए केंद्र सरकार की ओर से एक बचाव अभियान की शुरुआत की गई है।

विदेश राज्यमंत्री ने जेद्दा से विमान को किया था रवाना: विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ने अपने एक ट्वीट में कहा था कि जेद्दा हवाई अड्डे से 360 भारतीय नागरिकों को लेकर उड़ान भरने वाले विमान को विदा करते हुए खुशी हो रही है। वे जल्द ही अपनी मातृभूमि पर होंगे और अपने परिवारों से मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि सूडान से भारतीय नागरिकों को निकालने और उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाने के लिए भारत सरकार ऑपरेशन कावेरी चला रही है।

सूडान में सैन्य विमान और युद्धपोत तैनात: भारत सरकार ने अपने नागरिकों को निकालने के लिए अपने सैन्य विमान और युद्धपोतों को तैनात कर रखा है। अनुमान है कि अब तक करीब 300 से लेकर 500 की संख्या में भारतीय नागरिकों को जहाज से निकाला जा चुका है और बाकी के लोगों को निकालने की प्रक्रिया जारी है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारतीय नौसेना का आईएनएस तेग पोर्ट सूडान में अपने नागरिकों को जेद्दा लाने के लिए तैनात है।

भारत के लिए पड़ोसी पाकिस्तान से जुड़ना बेहद मुश्किल

पनामा सिटी में जयशंकर ने साधा निशाना

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के बीच एक औपचारिक बैठक होने की संभावना नहीं है। इस बात की जानकारी सूत्रों से मिली है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी एससीओ की बैठक के लिए भारत का दौरा कर रहे हैं। दो दिन पहले ही एस जयशंकर ने पनामा सिटी में परोक्ष रूप से पाकिस्तान की आलोचना की थी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाक पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि भारत के लिए ऐसे पड़ोसी से जुड़ना बेहद मुश्किल है, जो देश के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद में संलिप्त हो। पाक के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी 2011 के बाद पहली बार भारत का दौरा करेंगे। जम्मू-कश्मीर में सेना के काफिले पर हुए हमले के कुछ दिनों बाद, पाक द्वारा सीमा पार आतंकवाद के इस्तेमाल की जयशंकर की निंदा को इस संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि एससीओ के इतर बिलावल के साथ एक औपचारिक द्विपक्षीय बैठक असंभव है। जयशंकर 5 मई को गोवा में विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए रूस के सर्गेई लावरोव और चीन के किन गैंग सहित बिलावल और उनके अन्य शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समकक्षों की मेजबानी करेंगे। जबकि दूसरों के साथ द्विपक्षीय बैठकें निश्चित प्रतीत होती हैं, जयशंकर और बिलावल के बीच इसी तरह की बैठक के लिए अभी तक कोई प्रस्ताव नहीं है। दोनों के बीच शिष्टाचार मुलाकात की संभावना पूरी तरह से खारिज नहीं की गई है।

दुनियाभर के लोगों तक हेल्थकेयर पहुंचाना लक्ष्य

वन अर्थ, वन हेल्थ समिट में पीएम

नई दिल्ली, (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हो रहे 'वन अर्थ, वन हेल्थ' समिट का वर्चुअली उद्घाटन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के लोगों तक हेल्थकेयर को पहुंचाना और इसे अफॉर्डेबल बनाना है। कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और सिक्किम के सीएम प्रेम सिंह तमांग भी शामिल हुए।

30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज विदेश भेजीं: पीएम ने आगे कहा- मेड इन इंडिया कोविड वैक्सीन और दवाओं के जरिए लोगों की जिंदगी बचाने के मिशन में भारत ने कई देशों की मदद की है। भारत ने कोविड महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज 100 से ज्यादा देशों में पहुंचाई हैं। यह हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दिखाता है।

विकासशील देशों की मदद कर रहा भारत: मंडाविया

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि ज्यादा पावर के साथ बड़ी जिम्मेदारियां भी आती हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि ऐसा भविष्य बनाएं, जिसमें हेल्थकेयर बिजनेस नहीं बल्कि सर्विस हो।

उन्होंने कहा- भारत कई विकासशील देशों की अस्पताल बनाने में मदद कर रहा है। जिससे वे अपने यहां मरीजों का इलाज कर सकें और गंभीर मरीजों को भारत भेज सकें। उन्होंने कहा कि दूसरे देशों के ऐसे कई मरीज हैं, जिन्हें भारत की मॉडर्न और पारंपरिक चिकित्सा का लाभ मिला है।

मेडिकल ट्रैवल व हेल्थकेयर एक्सपोर्ट है इवेंट की थीम- दो दिन के इस इवेंट की थीम 'मेडिकल ट्रैवल और हेल्थकेयर एक्सपोर्ट' है। इसका उद्देश्य इंटरनेशनल मेडिकल टूरिज्म हब के तौर पर भारत को पहचान दिलाना भी है।

पीएम मोदी के संबोधन की पांच मुख्य बातें

- हमारा लक्ष्य सभी का अच्छा स्वास्थ्य और शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक कल्याण है।
- प्राचीन भारत ने आधुनिक दुनिया को योगा और मेडिटेशन का उपहार दिया है। ये आज ग्लोबल मूवमेंट्स बन चुके हैं।
- जो देश अपने नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य चाहते हैं, हम उनके भरोसेमंद साथी बने रहेंगे।
- भारत में असमानता को कम करना और वंचितों तक मदद पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।
- देश-विदेश में हमारे डॉक्टर अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता के लिए सम्मान पाते हैं। ऐसे कई हेल्थकेयर सिस्टम हैं जो भारतीय डॉक्टरों के टैलेंट से लाभ ले रहे।

प्रियंका ने मैसूर के एक रेस्टोरेंट में बनाया डोसा

मैसूर, (एजेंसी)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को मैसूर के मशहूर रेस्तरां में डोसा बनाने में हाथ आजमाया। उन्होंने होटल में स्वादिष्ट डोसा भी खाया और बच्चों के साथ बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। कांग्रेस ने ट्वीट किया, बुधवार सुबह, प्रियंका गांधी वाड्रा को मैसूर के सबसे प्रसिद्ध प्रतीकों में से एक का दौरा करने का अवसर मिला: 'मयलारी रेस्तरां', जो अपने यूनिक डोसा के लिए प्रसिद्ध है। कांग्रेस ने कहा, प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद डोसा बनाने में भी हाथ आजमाया। उन्हें रेस्तरां का डोसा काफी पसंद आया। अपनी यात्रा के दौरान, प्रियंका गांधी वाड्रा ने कुछ बच्चों के साथ बातचीत करने के लिए भी समय निकाला।प्रियंका ने मीडिया को बताया कि होटल की इडली और मसाला डोसा बहुत अच्छे हैं।कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला उनके साथ थे। कांग्रेस के प्रचार के लिए प्रियंका कर्नाटक में हैं।

धनखड़ बोले, मन की बात पूरी तरह से अराजनीतिक

उप-राष्ट्रपति धनखड़ ने मन की बात @ 100 पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर की उपस्थिति में मन की बात @ 100 पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का आयोजन प्रधानमंत्री के मासिक रेडियो प्रसारण की निरंतर सफलता को चिन्हित करने के लिए किया गया, जो पूरे भारत में 100 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच गया है।

इस अवसर पर उप-राष्ट्रपति श्री धनखड़ ने 2014 को एक महत्वपूर्ण विकास बताया, जिसने भारत की नियति को प्रगति के पथ पर तथा अजेय उत्थान के मार्ग पर ले जाने के लिए आकार दिया। गठबंधन सरकार को विकास पर ब्रेक बताते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि 30 वर्ष के अंतराल के बाद 2014 में भारत में एक दलीय बहुमत वाली सरकार के रूप में संसद में राजनीतिक स्थिरता मिली।

केरल में पढ़ाया जाएगा NCERT से हटाया गया सिलेबस

तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)। केरल के स्कूलों में नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) से हटाए गए सिलेबस को पढ़ाने की सिफारिश की जा रही है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पहले ही इसका समर्थन कर चुके हैं। वे किताबों से हटाए गए मुगल इतिहास और गुजरात दंगों को वापस सिलेबल में शामिल करवाना चाहते हैं। दरअसल, एनसीईआरटी ने स्कूली पाठ्य पुस्तकों से मुगल इतिहास, गुजरात दंगों और डार्विन थ्योरी को बाहर कर दिया था। इसे लेकर ही सिलेबस तय करने वाली कमेटी ने मंगलवार को एक बैठक की।

प्रकाश सिंह बादल को पीएम ने दी श्रद्धांजलि

चंडीगढ़, (एजेंसी)। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार को निधन हो गया। वह 95 साल के थे। बादल ने मोहाली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह पिछले कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। प्रकाश सिंह बादल पांच बार पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं।

प्रकाश सिंह बादल के निधन पर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ने शोक व्यक्त किया। अंतिम दर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर 12 बजे चंडीगढ़ पहुंचे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के पार्थिव शरीर को चंडीगढ़ में शिरोमणि अकाली दल पार्टी के कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। पीएम मोदी यहीं ने यहीं पहुंचकर उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि दी। वहीं गुरुवार को भगवंत मान सरकार ने सरकारी छुट्टी का ऐलान किया है। वहीं भाजपा वरिष्ठ नेता कैलाश सोनी ने बादल के निधन पर शोक जताया।

शेट्टार से पूछा, आप हैं किसके नंबर दो

धारवाड़, (एजेंसी)। भाजपा की प्रचारक स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता जगदीश शेट्टार के खिलाफ तीखा हमला करते हुए पूछा कि क्या वे कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार तथा श्री सिद्दारमैया के नंबर दो हैं। श्री शेट्टार ने 10 मई को होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए हुबली-धारवाड़ मध्य निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा की ओर से टिकट नहीं दिए जाने से नाराज होकर भाजपा छोड़ दी थी और कांग्रेस में शामिल हो गए थे। श्रीमती ईरानी ने श्री शेट्टार से पूछा कि क्या वह कांग्रेस नेताओं शिवकुमार या सिद्दारमैया के लिए नंबर दो हैं। उन्होंने कहा कि वह (शेट्टार) उम्र में बड़े हैं। बेहद अनुभवी हैं। जब वह हमारे साथ थे, तो हमने उन्हें सम्मान दिया। उन्हें मुख्यमंत्री बनाया। आज मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि आप किसके नंबर दो हैं।

याचिकाकर्ता की मांग, समलैंगिक को नार्मल कपल की तरह मिले आशीर्वाद

कोर्ट में केंद्र का जवाब, नई परिभाषा लिखने को मजबूर नहीं कर सकते

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सेम सेक्स मैरिज को मान्यता देने वाली 20 याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में पांचवे दिन की सुनवाई पूरी हो चुकी है। इस दौरान एक याचिकाकर्ता ने कहा कि सेम सेक्स मैरिज को मान्यता न देकर आप समलैंगिक कपल के बच्चों को पैरेंटहुड (माता-पिता की परवरिश) से वंचित कर रहे हैं। वहीं केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यह मुद्दा सवाल उठाता है कि शादी क्या है, किसके बीच होती है, इस पर कौन फैसला करेगा सरकार या कोर्ट। लेकिन इस पर नए सिरे परिभाषा लिखने के लिए केंद्र को मजबूर नहीं किया जा सकता।

याचिकाकर्ताओं की दलीलें खत्म हो चुकी हैं। सुनवाई सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एसके कौल, जस्टिस रवींद्र भट, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस हिमा कोहली की संवैधानिक बेंच कर रही है।

छठे दिन की सुनवाई गुरुवार को होगी। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, सांसद-विधायक को होमोसेक्शुअलिटी की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने इसे सोच-समझकर नजरअंदाज किया। यानी जब स्पेशल मैरिज एक्ट पर बहस चल रही थी तब हमारे जनप्रतिनिधि होमोसेक्शुअलिटी से अनजान नहीं थे, लेकिन उन्होंने पार्टीज की जगह पुरुष और महिला शब्द का इस्तेमाल किया। 1950 की संसदीय बहस के हवाले से स्पेशल मैरिज एक्ट को यह दिखाने के लिए लागू किया गया था कि संसद समलैंगिकता के बारे में जागरूक थी।

समर्थन | किसान आंदोलन की कहानी सुनाई, कहा-इतिहास आपको याद रखेगा

पहलवानों के धरने में पहुंचे मलिक

नई दिल्ली ■ एजेंसी

कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन कर रहे पहलवानों के धरने में बुधवार को सत्यपाल मलिक भी पहुंचे। मेघालय के पूर्व राज्यपाल ने इस दौरान पहलवानों से कहा कि आप लोग जो कर रहे हैं, उसे इतिहास याद रखेगा। उन्होंने जंतर-मंतर पर मीडिया से बात करते हुए कहा, पहलवानों का समर्थन बढ़ रहा है। मैं भी उनके लिए निजी तौर पर जो कर सकता हूं, वह करूंगा। यह लड़ाई सिर्फ इन पहलवानों की ही नहीं है बल्कि देश भर की महिलाओं की है। उन्होंने कहा कि मैं इन महिलाओं से कहना चाहूंगा कि वे धैर्य रखें क्योंकि आप सफल होंगी। सत्यपाल मलिक ने कहा कि आप लोगों के पीछे पूरा देश खड़ा है। कुश्ती में भ्रष्टाचार दूर करने के लिए इतिहास आपको याद रखेगा। उन्होंने इस दौरान किसान आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ महीने पहले जब किसान आंदोलन कर रहे थे तो वे पीछे नहीं हटे। आखिर में पीएम को भी माफी मांगनी पड़ी थी। आज वे आपके पीछे हैं। इसलिए कोई सवाल ही खड़ा नहीं होता। आप जरूर एक दिन सफल होंगे।

बजरंग पूनिया बोले- भूषण के दरबारी हमें धमका रहे

आंदोलन कर रहीं पहलवान विनेश फोगाट ने कहा कि हमें शिकायत वापस लेने के लिए धमकियां दी जा रही हैं। यही नहीं टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले बजरंग पूनिया ने कहा कि बृज भूषण शरण सिंह के दरबारी उस नाबालिग लड़की के परिजनों को धमकी दे रहे हैं, जिसने रेप का आरोप लगाया है। बता दें कि धरना दे रहे पहलवानों से हरियाणा के विपक्षी नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने भी मुलाकात की थी।

10 लाख की अवैध शराब व उपकरण सहित दो तस्कर गिरफ्तार, एक फरार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों व अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में बुधवार को स्वाट टीम व थाना खानपुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना पर बहदग्राम साई की तकिया से समय करीब ढाई बजे अभियुक्तगण क्रमशः सोनू यादव पुत्र रमेश यादव निवासी ग्राम मधुबन थाना खानपुर जनपद गाजीपुर, युधिष्ठिर यादव पुत्र श्रवण यादव निवासी सिंहपुर थाना सैदपुर जनपद गाजीपुर को मौके से गिरफ्तार किया गया तथा 01 अभियुक्त भागने में सफल रहा, गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से 04 बोरी में प्रत्येक में 50-50 बोतल, कुल 200 बोतल अवैध शराब रखी हुयी मिली तथा अभियुक्तो की निशानदेही पर अभियुक्त सोनू यादव के घर से अपमिश्रित अंग्रेजी शराब व शराब

बनाने वाले उपकरण बरामद हए । दौराने पूछताछ अभियुक्त सोनू यादव द्वारा बताया कि मेरे भाई विकास उर्फ विक्की यादव व युधिष्ठिर यादव के सहयोग से खुद मेरे घर पर अवैध शराब बनाते हैं तथा अन्य जनपदों के बाजारों में ले जाकर फुटकर में बाजारू कीमत से कम कीमत पर बेच देते हैं। और प्राप्त पैसों से अपना शान-शौक पूरा करते हैं, पहले भी हम लोग अवैध शराब बनाकर बेचते थे लेकिन जबसे पुलिस ने मेरे भाई विकास उर्फ विक्की यादव को अवैध शराब के साथ पकड़ा था तब से हम लोग कुछ दिन के लिये यह काम बन्द कर दिये । इस समय चुनाव का माहौल था मांग बढ़ने के कारण हम दोनो भाई फिर इस धन्धे में संलिप्त हो गये । क्रमशः पकड़े गये अभियुक्त युधिष्ठिर यादव द्वारा बताया गया की साहब मैं भी पहले अवैध शराब बनाने व बेचने का काम करता था लेकिन पुलिस द्वारा पकड़े जाने के बाद से मैने यह काम छोड़ दिया था। बीच में फिर मेरी विकास उर्फ विक्की यादव से दोस्ती हो गयी और पैसे की आवश्यकता के कारण मैं भी विकास उर्फ विक्की यादव व उसके से भाई सोनू यादव के साथ मिलकर शराब बनाने व बेचने का काम करने लगा। पकड़े गये व्यक्तियों से भागने वाले व्यक्ति का नाम पूछा गया तो सोनू यादव ने बताया की वह मेरा भाई विकास उर्फ विक्की यादव ही था जो आप लोगों से बचकर भाग गया।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में संजय कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना खानपुर जनपद, स्वाट टीम प्रभारी उप निरीक्षक रामाश्रय राय, उप निरीक्षक फूलचन्द पाण्डेय चौकी प्रभारी सिधौना, हेड कांस्टेबल आशुतोष सिंह स्वाट टीम, हेड कांस्टेबल सुजीत सिंह स्वाट टीम, हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र यादव स्वाट टीम, कांस्टेबल चन्दनमणि त्रिपाठी स्वाट टीम, कांस्टेबल जयन्त सिंह स्वाट टीम, कांस्टेबल अजय प्रसाद स्वाट टीम, कांस्टेबल प्रद्युमन सिंह थाना खानपुर, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार थाना खानपुर, कांस्टेबल राहुल कुमार थाना खानपुर, कांस्टेबल विनय कुमार थाना खानपुर, कांस्टेबल आकाश सिंह थाना खानपुर, कांस्टेबल अनूप पाठक थाना खानपुर, कांस्टेबल रिंकू कुमार थाना खानपुर गाजीपुर शामिल रहे।

सामुहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर। क्षेत्रांतर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध अपनी (वादिनी) नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अदलहाट पर मु0अ0सं0-77/2023 धारा 363,376DA,504,,34 भादवि व 5(G)/6 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा महिला सम्बन्धित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक अदलहाट को निर्देश दिए गए । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः27.04.2023 को प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से अभियुक्त 1. प्रमोद यादव उर्फ जुम्मन यादव पुत्र लल्लन यादव व 2. दशरथ यादव पुत्र गुन्नु यादव निवासीगण सिकिया थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी के सम्बंध में थाना अदलहाट पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेजा गया।

किसके सिर सजेगा जीत का ताज जारी है सियासी घमासान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर निकाय चुनाव प्रचार की रेल पूरी रफ्तार से दौड़ने लगी है। इस रेल का ठहराव मतदाता रुपी सभी प्लेटफार्म के ऊपर हो रहा है। इस दौरान विभिन्न दलों के प्रत्याशी मतदाताओं से हाथ जोड़कर वोट की विनती कर रहे हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे प्रत्याशियों के दिल की धड़कने भी तेज होती जा रही हैं। वैसे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद ही यह पता लगेगा कि किस प्रत्याशी के सिर जीत का ताज सजेगा और किसके झोली में उदासी आएगी। इस चुनाव में प्रमुख रूप से भाजपा, सपा और बसपा मजबूती के साथ चुनाव मैदान में है। भाजपा ने जहां पूर्व अध्यक्ष सरिता अग्रवाल पर दांव लगाया है वहीं इनको पटकनी देने के लिए सपा ने दिनेश यादव को चुनावी अखाड़े में उतारा है। उधर बसपा से सुभाष चौहान मजबूती के साथ चुनावी मैदान में डटे हुए हैं।इस चुनाव में खास बात यह दिख रही है कि इन तीनों दलों के प्रत्याशी अपनी प्रतिष्ठा मानकर इस चुनाव को लड़ते हुए नजर आ रहे हैं। शायद यही कारण है कि इन्होंने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मतदाताओं से जनसंपर्क का आलम यह है कि प्रत्याशी ना अपने भूख की चिंता कर रहे हैं और ना ही नींद की परवाह। इन के मन में बस एक ही लक्ष्य है ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं से संपर्क करना और अपने पक्ष में उन्हें लाना। भाजपा जिला कार्यालय से जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह और जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह के नेतृत्व में नगर क्षेत्र में रथ यात्रा निकाली गई जहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया वहीं दूसरी ओर सपा अपने प्रत्याशी की जीत के लिए शहर क्षेत्र में जगह-जगह पर नुक्कड़ सभा कर रही है दूसरी ओर बसपा प्रत्याशी सुभाष चौहान भी लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं कुल मिलाकर जिले में नगर पंचायत का चुनाव का सियासी रंग पूरी तरह से चटक हो चुका है। इस सियासी रंग की चटक किस पार्टी के प्रत्याशी पर अंतिम समय तक बरकरार रहेगी इसका पता तो मतों की गणना के बाद ही चलेगा।

व्यापारी प्रताड़ित होता रहा मगर अध्यक्ष कमरे में एसी लगाकर आराम से सोते रहे : उषा जयसवाल

प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी का नगरपालिका प्रत्याशी उषा जयसवाल पानदरीबा, अबीरगंढ भडारी समेत अन्य जगहों पर घर घर जाकर जनता से संवाद करते हुए उन्होंने कहा जिस तरह 20 वर्ष से एक ही परिवार का कब्जा इस नगरपालिका में रहा है नगरपालिका के क्षेत्र में कोई ऐसा विकास नहीं हुआ जो वो बता सकें उनका पूरा ध्यान जनता पर न रहकर व्यतिगत विकास की तरफ रहा । वे अपने आप को व्यापारी वर्ग का नेता भी मानते हैं लेकिन जब व्यापारी के ऊपर अत्याचार हो रहा था तब वो कभी भी व्यापारी के हित मे सड़क पर नहीं दिखाई पड़ें । व्यापारी प्रताड़ित होता रहा मगर वह अपने कमरे में ऐसी में आराम से सोते रहे । व्यापारी के हक अधिकार के लिए सिर्फ समाजवादी पार्टी ही हमेशा आगे आकर लड़ने का काम किया है और करती रहेगी। भाजपा

सरकार तो व्यापारियों को अपना दुश्मन मानती हैं कोई दुश्मन को भी इतना प्रताड़ित नहीं करेगा जितना भाजपा सरकार ने व्यापारियों को प्रताड़ित किया है आज हमारा व्यापारी वर्ग जागा हुआ है और व्यापार मंडल का जिस तरह समर्थन समाजवादी पार्टी को मिल रहा है व्यापारी खुलकर समाजवादी पार्टी का साथ दे रहा है। उससे इस चुनाव में समाजवादी पार्टी 20 साल के भ्रष्टाचार नगरपालिका में फैली गंदगी सब को समाप्त करने के लिए तैयार है समाजवादी पार्टी का इस बार नगरपालिका का अध्यक्ष बनेगा समाजवादी पार्टी ने जीस तरह एक एक कार्यकर्ता को टिकट देकर आम जनमानस में संदेश दिया है कि हर छोटे-बड़े का सम्मान सिर्फ समाजवादी पार्टी में है आज समाजवादी पार्टी के जितने भी नेता कार्यकर्ता है जितनी मेहनत से इस चुनाव में लगे हैं निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी की विजय होगी साथ में अनवारुल हक गुड्डू, दिनेश फौजी, विक्की यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

रेलवे की पटरियों में लगी क्लिप की चोरी कर बिक्री करने वाले गैंग का पर्दाफाश शातिर चोर गिरफ्तार

प्रखर मिजार्पुर।थाना पड़री, पर दिनांकः11.04.2023 को वादी अमरजीत सिंह MTS- CIVIL BOND MZPN निवासी BONDI MZP रेलवे मीरजापुर द्वारा रेलवे की पटरियों से क्लिप इत्यादि चोरी करने के सम्बंध में लिखित तहरीर दिया गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना पड़री पर मु0अ0सं0-65/2023 धारा 379,411 भादवि व 150बी रेलवे अधिनियम पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा रेलवे की पटरियों से क्लिप इत्यादि की चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी करने हेतु थानाध्यक्ष पड़री को निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम मेंथाना पड़री, स्वाट/सर्विलांसव रेलवे की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः 27.04.2023 को थाना पड़री, स्वाट/सर्विलांस व रेलवे की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री क्षेत्र से रेलवे की पटरियों में लगी लोहे की पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी की चोरी करने वाले गैंग के 25-25 हजार के ईनामियां 02 शातिर चोर 1. संदीप सिंह व 2. प्रियांशू उर्फ सूरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त संदीप सिंह के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिंदा कारतूस बरामद किय गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर थाना पड़री क्षेत्र में पहाड़ी नदी के किनारे 06 बोरियों में रखा 117 अदद रेलवे की पटरियों में लगने वाली लोहे की पेन्ड्राल क्लिप/जलेबी तथा एक अदद हथौड़ी व 02 अदद

छेनी बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पड़री पर मु0अ0सं0-82/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे अपने अन्य साथियों की मदद से रेलवे की पटरियों में लगी लोहे की क्लिप को समय देखकर चोरी करते है तथा ग्राहकों की तलाश कर बेच देते है।

बरेली के सपा मेयर प्रत्याशी ने वापस लिया पर्चा

प्रखर एजेंसी/ बरेली। नगर निकाय चुनाव में जी-जान लगाकर लड़ रही सपा के बरेली मेयर प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कहने पर बरेली सपा मेयर प्रत्याशी संजीव सक्सेना ने अपना नाम वापस ले लिया है। संजीव सक्सेना ने सपा समर्थित उम्मीदवार आईएस तोमर को चुनाव लड़ाने का ऐलान भी कर दिया। उन्होंने कहा कि गुरुवार की सुबह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का मेरे पास फोन आया, उन्होंने कहा कि आप अपना नाम वापस ले लीजिए ले। उनके आदेश को मैंने सबसे बड़ा माना और मैंने आज अपना पर्चा वापस ले लिया। मैं समाजवादी पार्टी का सच्चा सिपाही हूं, जो पार्टी कहेगी मैं उसे अंतिम निर्णय मानूंगा। इसके पहले सपा में कभी हां तो कभी ना का खेल चल रहा था। कुछ ही दिनों पूर्व पूर्व मेयर आईएस तोमर जहां चुनाव लड़ने से मना कर रहे थे। वही बाद में वह सपा के समर्थन से चुनावी दंगल में कूदने को तैयार भी हो गए। इधर सपा के सामने परेशानी

यह थी कि पार्टी ने संजीव सक्सेना को सिंबल दे दिया था। जो नाम वापस लेने को तैयार नहीं थे। लेकिन काफी खींचातानी के बाद अखिलेश यादव के कहने पर संजीव सक्सेना ने अपना नाम वापस लिया। इस बाबत सपा के राष्ट्रीय सचिव वीरपाल सिंह का कहना था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर पार्टी तोमर को ही चुनाव लगाएगी। दरअसल मेयर पद के लिए सपा की पहली पसंद पूर्व मेयर आईएस तोमर ही थे, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया। इसको लेकर सपा ने संजीव सक्सेना को टिकट दे दिया। लेकिन बाद में तोमर ने अपना मन बदल कर नामांकन दाखिल कर दिया और मंगलवार को पर्चा पास होते ही सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर ली। उसी के बाद से सियासी दांवपेच शुरू हो गया था। एक तरफ तोमर चुनाव लड़ने के मूड में आ गए थे, तो दूसरी तरफ सपा के सिंबल पर संजीव सक्सेना ने पर्चा दाखिल कर दिया था। आखिरकार अखिलेश यादव के हस्तक्षेप के बाद संजीव सक्सेना ने अपना पर्चा वापस ले लिया।

अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का भण्डाफोड़ 04 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 7 अदद मोटरसाइकिल बरामद

प्रखर मिजार्पुर। विधानसभा उप-चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव-2023 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा वाहनों की चोरी व बिक्री, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में की जा रही कार्यवाही में थाना को0देहात व स्वाट/सर्विलांस पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । थाना को0देहात पुलिस बल को दिनांकः26.04.2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना को0देहात क्षेत्र में कुछ व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल की खरीद एवं बिक्री की बात कर रहे है । उक्त सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना

को0देहात व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर मौके चोरी की 04 अदद मोटरसाइकिल के साथ 04 व्यक्तियों को पकड़ा गया जिन्होने पूछताछ में अपना नाम 1.आकाश त्रिपाठी, 2.धनन्जय पटेल, 3.आशीष पटेल व 4.रोहित पटेल बताया । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर थाना को0देहात क्षेत्र से छिपाकर रखी हुई अन्य 03 अदद चोरी की मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया । इस प्रकार चोरी की कुल 07 अदद मोटरसाइकिले बरामद की गयी । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-79/2023 धारा 379,411,414, 419,420,467,468,471 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि इनका एक संगठित गैंग है जो मोटरसाइकिलों की चोरी कर बिक्री करने का काम करता है । गिरफ्तार अभियुक्त आकाश त्रिपाठी अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जनपद मीरजापुर, जौनपुर, प्रयागराज, भदोही व मध्य प्रदेश प्रान्त के सीमावर्ती क्षेत्र से मोटरसाइकिल की चोरी करते है तथा चोरी की मोटरसाइकिलों का नम्बर प्लेट बदलकर उन्हे धनन्जय पटेल, आशीष पटेल व रोहित पटेल के माध्यम से ग्राहकों को कम दाम पर बेच देते है । जिससे प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लेते है ।मौके से अभियुक्तों के कब्जे से बरामद चोरी की 04 मोटरसाइकिलों के सम्बन्ध में हनुमना(मध्य प्रदेश) के थाना मुरैठा पर मु0अ0सं0-151/23 धारा 379 भादवि, जनपद प्रयागराज के थाना माण्डा पर मु0अ0सं0-153/22 धारा 379 भादवि, जनपद भदोही के थाना गोपीगंज पर मु0अ0सं0-94/23 धारा 379 भादवि व जनपद मीरजापुर के थाना को0शहर पर मु0अ0सं0-42/23 धारा 379 भादवि पंजीकृत है ।

निर्भीक पत्रकार रहे राजेन्द्र सोनी : यूसुफ खान

केडी इंटर कालेज में पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रखर खेतासराय जौनपुर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव रहे वरिष्ठ पत्रकार स्व राजेन्द्र सोनी का तीसरी पुण्यतिथि गुरुवार को केडी इंटर कालेज में मनाई गई । दिवंगत को लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर पत्रकारों की अधिकार की अलख जगाई, इस चुनौती पूर्ण कार्य को बखूबी निर्वहन किया। आयोजित पुण्यतिथि में समारोह को सम्बोधित करते हुए पत्रकार यूसुफ खान ने कहा कि दिवंगत एक राष्ट्रीय अखबार में तीन दशक से ज्यादा बतौर संवाददाता रहे, जिले भर में पत्रकारों और पीड़ितों की आवाज रहे । ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन में रखकर सूबे भर में पत्रकारों की समस्या को लेकर अग्रणी रहे । उनकी प्रखर लेखनी को प्रशासन भी लोहा मानता रहा । जनपद भर के सामाजिक संगठन और राजनीतिक जनप्रतिनिधि उनके मुरीद रहे। वरिष्ठ पत्रकार डॉ कुँवर यशवंत सिंह ने कहा कि राजेंद्र सोनी का शिक्षा से अधिक लगाव था । उन्होंने ने अपनी माँ की स्मृति में भव्य इंटर कालेज की स्थापना की । वे

हमेशा इतिहास के पन्नों में अमर रहेंगे। पत्रकार संघ के तहसील अध्यक्ष अजीम सिद्दीकी ने कहा कि उनकी कमी हमेशा खलेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भानु प्रताप सिंह, प्रधानाचार्या नीतू सेठ, मोहम्मद अरशद, राकेश शर्मा, धर्मरक्षक मनीष गुप्ता, राम सुवारत, कृष्ण चन्द्र बरनवाल, लोकेश मौर्या, समेत अन्य लोग शामिल रहे। संचालन प्रबन्धक एनके सोनी ने किया।

संक्षिप्त खबरें

खेत मजदूर ने दिया धरना, सौंपा पत्रक

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा ब्लाक मुख्यालय पर गुरुवार को आखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के कार्यकर्ताओ ने धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आवास को मौलिक अधिकार बनाने , सम्मान पूर्वक जीवन , महगाई के अनुसार न्यनतम मजदूरी दर कानून लागू करने और रोजगार की गारंटी के लिए धरना प्रदर्शन कर कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित 10 सूत्रीय मांगपत्र को खण्ड विकास अधिकारी दीपकंर आर्य को सौंपा। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यकारणीय सदस्य अमरनाथ राजभर, मिठाई लाल, गुलाब शर्मा, अशोक कुमार, भोलेनाथ, सुशीला, प्रमोद सारजन, अजय, उषा, शर्मिला , सुरसती , सँजू , समदेई जीरावती, धनमन्नी, लालमनी व साबित्री समेत लोगों ने भाग उपस्थित रही।

विश्व मलेरिया दिवस पर चलाया गया जन जागरूकता अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विश्व मलेरिया दिवस पर जिला मलेरिया सहायक अधिकारी संतोष कुमार के नेतृत्व मे देवकली ग्राम मे जनसम्पर्क जनजागरुकता अभियान चलाया गया साथ मे एल टी चन्द्रशेखर यादव, आशा किरन देवी, आंगनबाडी कार्यकत्री प्रेमा मौर्या साथ मे मौजूद रही। इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी संतोष राय ने कहा मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है। यह रोग मच्छर काटने से फैलता है। इस रोग से बचाव के लिए अपने घर के आस पास साफ सफाई रखे तथा मच्छर पनपने वाले स्रोत को नष्ट करे। मच्छर काटने के बाद 6 से 8 दिन के अन्दर लक्षण दिखाई देते हैं।इस रोग मे तेज बुखार, थकान, सिर, पेट मांसपेशियों मे दर्द उल्टी होने लगती है। तत्काल केन्द्र पर जाकर इलाज करायें। आशा व आंगनबाडी के माध्यम से सभी गांवो मे मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू, चिकगुनियां, कालाजार, टीबी, कुपोषित बच्चों की सूची बनाने के लिए निर्देशित किया गया है ताकी समय से इलाज हो सके।

सभासद के रूप में 5 वर्ष किया सेवा, अब अध्यक्ष बनने के लिए निर्दलीय मैदान में

भाजपा प्रत्याशी समेत राजनीति के माहिर धुरंधर भी सांसत में

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष जिले की सांसद अनुप्रिया पटेल के क्षेत्रीय प्रतिनिधि सिद्धार्थ सिंह मिक्की निर्दल ही चुनावी मैदान में हैं। भाजपा की सहयोगी पार्टी अपना दल एस ने नगर निकाय में प्रत्याशी नहीं उतारा हैं।तत्कालीन सभासद मिक्की के मैदान में आने से भाजपा प्रत्याशी ओम प्रकाश केशरी समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों की नैया चुनावी वैतरणी का तट छोड़ते ही डगमगाने लगी है। मिक्की के चुनावी नामांकन के दौरान चौक बाजार दक्षिणी से विजय केसरी,पटवा टोला से मनोज मोदनवाल को भाजपा ने सभासद के लिए टिकट फाइनल किया था बावजूद इसके टिकट मिलने के बाद भी दोनो ने नामांकन नहीं किया। जब की इस बार भाजपा अपने गढ़ में प्रत्याशी भी नहीं खड़ा कर पाई है। वर्तमान समय में चौक बाजार दक्षिणी से ही सिद्धार्थ सिंह मिक्की सभासद भी है। अहरौरा नगर पालिका परिषद में 5 वर्ष तक सभासद के रूप में सेवा करते हुए अध्यक्ष

गुलाब मौर्य के हर गलत कार्यो का सिद्धार्थ सिंह मिक्की विरोध करते रहे। जिसके चलते वह पूरे 5 वर्ष तक जनता की जुबान पर छाए रहे। इतना ही नहीं गलत नीतियों का विरोध करने और सांसद निधि से कई कार्य कराकर वह जन प्रिय बनते गए। पीएम आवास योजना का भी लोगों को लाभ दिलाया। अपने कृत्य के चलते पालिकाध्यक्ष के लिए सिरदर्द बने सिद्धार्थ भाजपा की मंशा पर पानी फेरने में लगे हैं। केवल वादों से गुमराह हुई जनता भी युवा अध्यक्ष के चाह में मतदान दिवस का इंतजार कर रही हैं। चर्चा है कि भाजपा ने तत्कालीन पालिकाध्यक्ष के इशारे पर उनके ही आदमी को टिकट दिया है। जिसके चलते नगर 5 साल सिसकता रहा। अब नई बोतल में फिर वही पुरानी शराब की कहावत चरितार्थ करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों का मानना है कि सीधेसादे स्वभाव के ओम प्रकाश केशरी को मोहरा बनाकर जनता के सामने पेश किया गया है। इस बार जनता परिवर्तन के मुड़ में दिख रही हैं। अहरौरा नगर में सांसद प्रत्याशी के चुनावी मैदान में आने से लड़ाई सत्ता के केंद्र में बैठे दो दलों के कार्यकताओं के बीच सिमट गई है।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं